



राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ






वर्ष 15, अंक 66 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | दुर्ग, मंगलवार 13 जनवरी 2026 | www.samaydarshan.in


## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एम्स में भर्ती, पिछले सप्ताह दो बार हुए थे बेहोश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को सोमवार को नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया। अधिकारियों के मुताबिक, पिछले सप्ताह दो बार बेहोश होने के बाद उन्हें चिकित्सकीय जांच के लिए अस्पताल में एडमिट किया गया है, जहां उनके एमआरआई समेत अन्य परीक्षण किए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि 10 जनवरी को धनखड़ को 'वॉशरूम' में दो बार बेहोशी का दौरा पड़ा। इसके बाद सोमवार को वह नियमित जांच के लिए एम्स पहुंचे थे, लेकिन डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को देखते हुए उन्हें भर्ती होने की सलाह दी।
यह पहली बार नहीं है जब पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ को इस तरह की समस्या हुई है। इससे पहले भी उपराष्ट्रपति रहते हुए सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान वह कच्छ, उत्तराखंड, केरल और राष्ट्रीय राजधानी में कई बार अचानक बेहोश हो चुके हैं। बता दें कि पिछले साल 21 जुलाई को उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजी गई अपनी आधिकारिक चिट्ठी में धनखड़ ने लिखा, स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और डॉक्टरों की सलाह का पालन करने हेतु, मैं संविधान के अनुच्छेद 67(ए) के तहत भारत के उपराष्ट्रपति पद से अपना इस्तीफा सौंपता हूं। इसके बाद फिर से उपराष्ट्रपति के चुनाव हुए थे। जिसमें सी.पी. राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति चुना गया।

### सरकार ने स्मार्टफोन कंपनियों से सोर्स कोड शेयर करने की खबर को बताया गलत

**नई दिल्ली।** सरकार ने एक इंटरनेशनल न्यूज ऑर्गेनाइजेशन की उस रिपोर्ट को गलत बताया है, जिसमें कहा गया था कि सरकार स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनियों को अपना सोर्स कोड सरकार के साथ शेयर करने के लिए मजबूर करना चाहती है और इसके लिए कई सॉफ्टवेयर बदलाव करने की योजना बना रही है। इस खबर में यह भी कहा गया था कि एप्पल और सैमसंग जैसी बड़ी कंपनियां इसका विरोध कर रही हैं। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार, इन न्यूज रिपोर्ट्स में न तो किसी स्मार्टफोन कंपनी का बयान दिया गया है और न ही उन उद्योग संगठनों का, जो इन कंपनियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, इन रिपोर्टों ने जानबूझकर उद्योग संगठन की बातों को नजरअंदाज किया है, जिससे साफ लगता है कि खबर को सनसनीखेज बनाने की कोशिश की गई है। सरकार ने कहा कि वह साइबर सुरक्षा को मजबूत करने और नागरिकों की निजी जानकारी की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मोबाइल सुरक्षा से जुड़ा एक मजबूत और सही नियम बनाने के लिए सभी संबंधित पक्षों से बातचीत की जा रही है। ये परामर्श सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा सुरक्षा मानकों पर उद्योग के साथ नियमित और निरंतर संवाद का हिस्सा हैं। मंत्रालय लगातार ऐसे कदम उठा रहा है, जिससे तेजी से बदलते डिजिटल माहौल में यूजर्स की सुरक्षा बनी रहे और उनकी निजी जानकारी सुरक्षित रहे।
मंत्रालय ने बताया, हम नियमित रूप से सुरक्षा नियमों, इलेक्ट्रॉनिक हस्तक्षेप और अनुकूलता मानकों, भारतीय भाषाओं के समर्थन, इंटरफेस की जरूरतों और सुरक्षा मानकों जैसे विषयों पर चर्चा करते हैं। इन चर्चाओं के बाद उद्योग के साथ सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से बात होती है। मंत्रालय ने कहा कि वह उद्योग से जुड़े लोगों के साथ मिलकर काम कर रहा है और उनकी चिंताओं को सकारात्मक तरीके से सुलझाने की कोशिश कर रहा है। इसके तहत सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय उद्योग प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहा है, ताकि तकनीकी समस्याओं, नियमों के पालन में आने वाली दिक्कतों और दुनिया में अपनाए जा रहे अच्छे तरीकों को समझा जा सके।

### शुभेंदु की कार पर हमले की गृह मंत्रालय ने मांगी रिपोर्ट, राज्य भर में प्रदर्शन

**कोलकाता।** राज्य नेता प्रतिपक्ष में शुभेंदु अधिकारी की कार पर कथित हमले ने राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है। ऐसे में जहां उक्त घटना को लेकर बंगाल में भाजपा के कर्मी समर्थकों में गुस्सा है तो वहीं गृह मंत्रालय ने घटना की रिपोर्ट मांगी है। शुभेंदु अधिकारी ने हमले का आरोप तृणमूल पर लगाया, जबकि तृणमूल ने इससे इनकार किया। घटना के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कई जिलों में प्रदर्शन किए, जिससे सर्दी में भी राज्य की सियासत और गरमा गई है। गृह मंत्रालय ने विधानसभा में विपक्ष के नेता के ऑफिस से रिपोर्ट मांगी है। मिली जानकारी के अनुसार हमले की तस्वीर और वीडियो फुटेज केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजा गया है। इस बीच, अधिकारी की कार पर कथित हमले को लेकर बीजेपी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने कई जिलों में विरोध प्रदर्शन किया है।
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को फोन किया।

डिजिटल आदिवासी संग्रहालय का निर्माण, जहां आदिवासी नायकों की गौरवगाथा सहेजी गई

# विकास के साथ युवाओं के लिए खुलेंगे स्वरोजगार के नए द्वार - मुख्यमंत्री साय

**रायपुर( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज बालोद जिले के नगर पंचायत मुख्यालय गुण्डरदेही में 233 करोड़ रुपये की लागत से 103 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इसमें 163.88 करोड़ के 61 कार्यों का भूमिपूजन तथा 69.82 करोड़ के 42 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुण्डरदेही में एक सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन के लिए 1 करोड़ तथा प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों हेतु 1 करोड़ की घोषणा भी की।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज जिन विकास कार्यों का लोकार्पण शिलान्यास किया गया है, वे सिर्फइमारतें नहीं, बल्कि अवसरों के नए द्वार हैं। उन्होंने कहा कि 1 करोड़ की लागत से बनने वाले व्यावसायिक परिसर से युवाओं को स्वरोजगार और व्यापार के नए अवसर मिलेंगे, वहीं सड़क, पुल एवं अधोसंरचना के निर्माण से आवागमन सुगम होगा और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जा रहा है। स्वामी विवेकानंद जी के विचार आज भी युवाओं को आत्मबल, राष्ट्रसेवा और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ इस वर्ष अपनी रजत जयंती मना रहा है और इस अवसर पर रायपुर में डिजिटल आदिवासी संग्रहालय का निर्माण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक विशेष सौगात है, जहां आदिवासी नायकों की गौरवगाथा सहेजी गई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ को विकास के नए आयामों तक ले जाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

इस अवसर पर सांसद श्री भोजराज नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ तेजी से विकास की नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि बस्तर, जो कभी लाल आतंक के लिए जाना जाता था, अब शांति, प्रगति और समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ रहा है और इससे आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय का स्थानीय व्यापारियों द्वारा लड्डुओं से तौलकर अभिनंदन किया गया। उन्होंने विभिन्न विभागों की योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को सामग्री एवं प्रमाण पत्र वितरित किए।कलेक्टर सुश्री दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि नगर पंचायत अध्यक्ष श्री प्रमोद जैन ने स्वागत उद्बोधन में नगर की विकास आवश्यकताओं की जानकारी दी।

### तेंदूपत्ता संग्राहकों को उच्चतम समर्थन मूल्य दिया जा रहा

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार हर वर्ग के समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। महतारी वंदन योजना से महिलाओं को आर्थिक संबल मिल रहा है, तेंदूपत्ता संग्राहकों को उच्चतम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है, और चरण पादुका योजना को पुनः प्रारंभ कर आदिवासी श्रमिकों को राहत पहुंचाई जा रही है। वनोपज के मूल्य संवर्धन से स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि रामलला दर्शन योजना से आमजन को देश की संस्कृति और विरासत से जोड़ा जा रहा है। वहीं प्रभावी पुनर्वास नीति के चलते नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति लौट रही है और बस्तर अंचल में विकास की नई रोशनी फैल रही है। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और संचार जैसी बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल एसआईआर मामले पर चुनाव आयोग से मांगा जवाब

**कोलकाता/नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने आज पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के व्यापक पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं को लेकर भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) को नोटिस जारी किया। यह नोटिस तृणमूल कांग्रेस के सांसदों डेरेक ओ%ब्रायन और डोला सेन द्वारा दायर उस याचिका की सुनवाई के दौरान जारी किया गया, जिसमें उन्होंने मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया को चुनौती दी थी।




मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जयमाल्य बागची की खंडपीठ ने इस मामले पर सुनवाई की, जब सांसदों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल ने पुनरीक्षण प्रक्रिया के संचालन पर चिंता जताई। याचिकाकर्ताओं ने एसआईआर के दौरान मतदाताओं की पहचान और सत्यापन में गंभीर चूक और प्रक्रियात्मक खामियों का आरोप लगाया।

अदालत के समक्ष बहस करते हुए कपिल सिबल ने दावा किया कि चुनाव आयोग अपने अधिकांश निर्देश व्हाट्सएप के माध्यम से जारी कर रहा है, जिसे उन्होंने संस्थागत अनियमितता बताया। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि आयोग द्वारा गलत धारणाओं और त्रुटिपूर्ण तार्किक निष्कर्षों के आधार पर बंगाल में कई मतदाताओं को गलत तरीके से चिह्नित किया गया और सुनवाई के लिए बुलाया गया। इन दलीलों के आधार पर, सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा और एक औपचारिक नोटिस जारी किया। आयोग ने जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा, लेकिन पीठ ने निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर हलफनामा प्रस्तुत किया जाए। मामले की सुनवाई अगले सप्ताह फिर से होनी है।

## इसरो की साल की पहली लॉन्चिंग असफल, 14 सैटेलाइट ले जा रहा पीएसएलवी सी-62 रॉकेट तीसरी स्टेज में रास्ते से भटका

**श्रीहरिकोटा ( एजेंसी )।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो ने आज सोमवार 12 जनवरी को अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक और बड़ी छलांग लगा दी है। इसरो ने देश के सैटेलाइट EOS-N1 अन्वेषा को PSLV C-62 मिशन के तहत अंतरिक्ष में भेजा। इस सैटेलाइट की मदद से सीमा निगरानी, छिपे लक्ष्यों की पहचान और पर्यावरण मॉनिटरिंग में क्रांति आने की संभावना थी। जानकारी के मुताबिक, इसरो का साल 2026 का पहला सेटेलाइट लॉन्च सुबह करीब 10 बजकर 17 मिनट पर श्री हरिकोटा स्पेस पोर्ट से हुआ। हालांकि, ये मिशन थर्ड फेज के आखिरी चरण में आई तकनीकी खामी के कारण असफल रहा।



इसरो ने अपने 2026 के प्रक्षेपण कैलेंडर की शुरुआत सोमवार को 'पीएसएलवी-सी62' मिशन के साथ की। इस मिशन के तहत पृथ्वी अवलोकन उपग्रह 'ईओएस-एन1' और 14 अन्य पेलोड को अंतरिक्ष में स्थापित किया जाना था। इसरो की वाणिज्यिक शाखा 'न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड' (एनएसआईएल) के इस मिशन में शामिल 14 अन्य सह-यात्री उपग्रह देशी और विदेशी ग्राहकों के हैं वे सुबह 10 बजकर 17 मिनट पर श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के प्रथम प्रक्षेपण स्थल से लॉन्च किए गए थे।

मुख्य पेलोड DRDO का EOS-N1 (अन्वेषा) हाइपरस्पेक्ट्रल अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट है, जो सीमा निगरानी, छिपे लक्ष्यों की पहचान और पर्यावरण मॉनिटरिंग में क्रांति लाएगा। यह 2025 की असफलता के बाद PSLV का महत्वपूर्ण कमबैक था। इसरो EOS-N1 के अलावा आज 14 दूसरे पेलोड को भी अंतरिक्ष में स्थापित करने वाला था।

पहले PSLV C62/ EOS N1 लॉन्च का ऑटोमेटिक सिक्वेंस जारी कर दिया गया। इसका मतलब है कि सारे पैरामीटर्स लॉन्च के माकूल हैं। इसके बाद एक बार अंतिम परीक्षण किया गया। फिर 10 बजकर 18 मिनिट और 30 सेकेंड पर लिफ्ट ऑफ किया गया।

## सौम्या चौरसिया और निखिल चंद्राकर से जुड़ी 2.66 करोड़ की संपत्तियां अटैच

### कोल लेवी घोटाला मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

**रायपुर ( समय दर्शन )।** कोल लेवी घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रायपुर जोनल कार्यालय ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने आरोपी सौम्या चौरसिया और निखिल चंद्राकर से जुड़ी करीब 2.66 करोड़ रुपये की आठ अचल संपत्तियों को अटैच किया है, जिनमें जमीन के टुकड़े और रिहायशी फ्लैट शामिल हैं। इस कार्रवाई के साथ ही घोटाले में अब तक ईडी द्वारा अटैच की गई संपत्तियों का आंकड़ा 273 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इस मामले में ईडी अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि 35 आरोपियों के खिलाफ 5 चालान विशेष अदालत में पेश किए जा चुके हैं। ईडी के मुताबिक, प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट, 2002 के तहत जारी प्रोविजनल अटैचमेंट ऑर्डर के माध्यम से जिन आठ अचल संपत्तियों को अटैच किया गया है, वे अपराध की कमाई से खरीदी गई थीं। ये संपत्तियां सौम्या चौरसिया और निखिल चंद्राकर द्वारा अपने रिश्तेदारों के नाम पर ली गई थीं। यह राशि कोयला लेवी की अवैध वसूली और अन्य जबरन वसूली गतिविधियों से अर्जित की गई थी।

ईडी ने यह जांच बेंगलुरु पुलिस की एफआईआर क्रमांक 129/2022, आयकर विभाग की अभियोजन शिकायत क्रमांक 3167/2023 (दिनांक 19 जून 2023) तथा EOW/ACB रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में कोयला लेवी की अवैध वसूली को लेकर दर्ज एफआईआर क्रमांक 03/2024 (दिनांक 11 जनवरी 2024) के आधार पर शुरू की थी।

## पीएम मोदी ने जर्मन चांसलर मर्ज के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत की

**गांधीनगर ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने सोमवार को गांधीनगर के महात्मा मंदिर कन्वेंशन सेंटर में डेलीगेशन स्तर की बातचीत की, जिसमें भारत-जर्मनी के सहयोग को और बढ़ाने पर जोर दिया गया। यह बैठक दोनों देशों के बीच 25 साल पुरानी रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा करने और विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से हुई। बैठक में दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, तकनीक, शिक्षा, स्किल और मोबिलिटी में सहयोग पर चर्चा की। इसके अलावा रक्षा और सुरक्षा, विज्ञान, अनुसंधान, हरित विकास, और लोगों के बीच संबंधों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में साझेदारी को और मजबूत करने पर भी ध्यान दिया गया। इससे पहले दिन में पीएम



मोदी और चांसलर मर्ज साबरमती रिवरफ्रंट पर अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव में पहुंचे थे। उनका स्वागत पारंपरिक गुजराती स्कार्फ और जश्न के माहौल में किया गया। राज्य के अलग-अलग हिस्सों से आए कलाकारों ने जर्मन लीडर का स्वागत पारंपरिक नृत्य और लोक संगीत के जरिए किया।

दोनों नेताओं ने पतंग उड़ाते हुए उत्सव का आनंद लिया।

प्रधानमंत्री मोदी को 'भारत ❤ वसुधैव कुटुम्बकम' संदेश वाली विशेष पतंग उड़ाते देखा गया, जो दुनिया को एक परिवार मानने की भारत की सोच को दर्शाती है।



अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

जन्म : 28.10.1961

निर्वाण : 12.01.2009

स्व. राजेश जैन

सोलह वर्ष बीत गए,पर समय आज भी ठहर जाता है,
जब आपका नाम हृदय की गहराइयों से निकल आता है।
आप साथ नहीं, पर हर सांस में बसे हैं,
हर निर्णय, हर हौसले में आपके ही अंश बसे हैं।
जीवन की राह जो आपने दिखाई,
आज भी वही हमारी परछाई है।
आपकी कमी शब्दों से परे है,
पर आपकी सीख हमारे परिवार की ताक़त है।
स्मृतियों के दीप जलाकर आज, आँखों में नमी, मन में श्रद्धा है।
आपकी पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन है।

श्रद्धानवत :-
इंदिरा जैन, सिद्धार्थ जैन,सुगंधा जैन, एवं समस्त परिवारजन व मित्रगण,रायपुर

राजेश पब्लिसिटी
ई-109 समता कालोनी, कृष्णा टॉकिज के पास, रायपुर (छ.ग.)
मो. 94252-08899, 99263-08899


क्षेत्र पर अपना दावा दोहराया; अवैध परियोजनाओं का किया बचाव

# शक्सगाम घाटी पर भारत की लताड़ से बौखलाया चीन

**बीजिंग( एजेंसी )।** शक्सगाम घाटी में अवैध गतिविधियों को लेकर भारत से लताड़ लगने के बाद चीन को तीखी मिर्ची लगी है। इसके साथ ही उसकी विस्तारवादी सोच एक बार फिर उभरकर सामने आई है। भारत की ओर से कड़ी आपत्ति जताए जाने के बाद उसने शक्सगाम घाटी पर अपना क्षेत्रीय दावा दोहराया। उसने कहा कि इस क्षेत्र में चीन की बुनियादी ढांचे की परियोजनाएं त्रुटियों से परे हैं।



पाकिस्तान ने 1963 में शक्सगाम घाटी के 5,180 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र को अवैध रूप से चीन को सौंप दिया था। यह क्षेत्र पहले भी पाकिस्तान के अवैध कब्जे में था।

पहले यह जानते हैं कि भारत ने शक्सगाम घाटी में चीन की अवैध गतिविधियों पर कहा क्या था। भारत ने सख्त आलोचना करते हुए कहा था कि यह क्षेत्र भारतीय क्षेत्राधिकार में आता है और भारत जरूरी कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बीते शुक्रवार को विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता के दौरान कहा था, 'शक्सगाम घाटी भारतीय क्षेत्र है और हमने शक्सगाम घाटी की जमीनी हकीकत को बदलने के प्रयासों के खिलाफ चीनी पक्ष के सामने लगातार विरोध जताया है।

जायसवाल ने कहा था, हमने कभी भी 1963 में हुए तथाकथित चीन-पाकिस्तान सीमा समझौते को स्वीकार नहीं किया है। हम हमेशा से कहते आए हैं कि यह समझौता अवैध और अमान्य है। उन्होंने आगे कहा, हम तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को भी स्वीकार नहीं करते, जो भारतीय क्षेत्र से होकर गुजरता है और जो पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है। जायसवाल ने कहा, सभी केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा हैं। यह बात हम कई बार पाकिस्तानी और चीनी अधिकारियों को स्पष्ट रूप से बता चुके हैं।

### चीन ने दोहराया अपना झूठा दावा

जायसवाल की साफ और स्पष्ट टिप्पणियों से चीन को मिर्ची लग गई। उसके विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने प्रेस वार्ता कहा, सबसे पहले, जिस क्षेत्र का आप जिक्र कर रहे हैं, वह चीन के क्षेत्र का हिस्सा है। अपने ही क्षेत्र में चीन की बुनियादी ढांचा गतिविधियां किसी आलोचना के योग्य नहीं हैं। माओ ने कहा कि चीन और पाकिस्तान ने 1960 के दशक से सीमा समझौते किए हैं और दोनों देशों के बीच सीमा तय की है। उन्होंने कहा कि इस पर पाकिस्तान और चीन का वैध अधिकार है।

सीपीईसी पर भारत की आलोचना के जवाब में माओ ने कहा कि यह एक आर्थिक पहल है, जिसका उद्देश्य स्थानीय आर्थिक और सामाजिक विकास तथा लोगों की जीवन स्तर में सुधार करना है। उन्होंने कहा, ऐसे समझौते और सीपीईसी कश्मीर मामले में चीन के रुख को प्रभावित नहीं करेंगे। इस मामले में चीन का रुख अपरिवर्तित है।

### जमू-कश्मीर विवाद पर चीन की स्थिति या है?

चीन की कश्मीर पर आधिकारिक स्थिति यह है कि जम्मू और कश्मीर का विवाद इतिहास से पैदा हुआ है और इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर, सुरक्षा परिषद के संबंधित निर्णयों और द्विपक्षीय समझौतों के अनुसार सही और शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जाना चाहिए।

# दो दिवसीय बैडमिंटन समापन: शटल उत्सव गरियाबंद में विशाखापट्टनम चैंपियन

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** खेल और उत्साह से सराबोर गरियाबंद शहर में शनिवार को शटल उत्सव – गरियाबंद पुरुष डबल्स बैडमिंटन प्रतियोगिता का भव्य और यादगार समापन हुआ। दो दिवसीय इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट ने न केवल खेलप्रेमियों को रोमांचित किया, बल्कि गरियाबंद को अंतरराज्यीय खेल मानचित्र पर एक नई पहचान भी दी इंडोर स्टेडियम में हुए फाइनल मुकाबले को देखने सैकड़ों नहीं बल्कि हजारों दर्शक मौजूद रहे, जिन्होंने हर स्मैश और हर रैली पर तालियों से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

गरियाबंद बैडमिंटन क्लब के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आई टीमों ने भाग लिया फाइनल मुकाबले में विशाखापट्टनम की जोड़ी पारस और तनय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा की टीम डीबीएस चंद्र कुमार और के. जगदीश को पराजित कर खिताब अपने नाम किया वहीं ओडिशा की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता प्रथम विजेता विशाखापट्टनम को 15,000 रुपये नगद एवं ट्रॉफी,द्वितीय विजेता हरियाणा को 10,000 रुपये नगद एवं ट्रॉफी,तथा तृतीय स्थान पर रही ओडिशा की टीम को 5,000 रुपये नगद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।



इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में थाना प्रभारी ओम प्रकाश यादव एवं आर.आई.सनत ठाकुर पार्षद सूरज सिंहा मंचासीन रहे उद्घाटन को खास बनाते हुए गफ्फूमेमन ने स्वयं एक मैत्री मैच खेलकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया,जिस पर पूरा स्टेडियम तालियों से गूंज उठा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गफ्फू मेमन ने अपने उद्बोधन में कहा कि गरियाबंद में इस स्तर का बैडमिंटन टूर्नामेंट यह साबित करता है कि हमारा जिला खेल प्रतिभाओं से भरा हुआ है। खेल युवाओं को अनुशासन, एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा देता है ऐसे आयोजनों से न सिर्फखिलाड़ियों को मंच मिलता है,बल्कि समाज में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी मजबूत होती है वही थाना प्रभारी ओम प्रकाश यादव ने कहा,खेल आयोजन युवाओं को नशा और गलत रास्तों से दूर रखते हैं। पुलिस प्रशासन हमेशा ऐसे सकारात्मक आयोजनों के साथ खड़ा रहेगा। खिलाड़ियों में जो ऊर्जा और अनुशासन दिखा, वह काबिले-तारीफ है। दो दिवसीय इस टूर्नामेंट का आयोजन 10 एवं 11 जनवरी 2026 को किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के साथ-साथ आंध्र प्रदेश, हरियाणा और ओडिशा की टीमों ने हिस्सा लिया दोनों दिनों तक चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अपनी फुर्ती, तकनीक और रणनीति से दर्शकों को रोमांचित किया।

इस आयोजन में आयोजक टीम के सदस्य रौनित रोहरा,नितेश साहू,आर्य वैभव मिश्रा,आयुष परिहार, राहुल निर्मलकर,यशवित मृणाल,अब्दुल मेमन, मोहक शौर्यवंश चंद्रकार एवं आशुतोष राजपूत की सक्रिय और सराहनीय भूमिका रही।

# बिर्रा सिनेमा हॉल के दीपक वस्त्रालय में लगी आग, समय रहते पाया काबू



### पुलिस-होमगार्ड व स्थानीय लोगों की तत्परता से टली बड़ी घटना

**बिर्रा ( समय दर्शन )।** 11- जनवरी 2026 की मध्यरात्रि करीब 12:45 बजे बिर्रा सिनेमा हॉल परिसर स्थित दीपक वस्त्रालय के भीतर से धुआं निकलने की सूचना मिलते ही बिर्रा पुलिस स्टाफ एवं थाना प्रभारी बिर्रा निरीक्षक जय कुमार साहू तत्काल मौके पर पहुंचे।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विद्युत विभाग को तत्काल सूचना देकर बिजली आपूर्ति बंद कराई गई। इसके बाद समीपस्थ पेट्रोल पंप से फायर एक्सटिंग्विशर मंगाकर आग पर नियंत्रण का प्रयास किया गया, वहीं सिनेमा हॉल में लगे मोटर पंप से पानी का छिड़काव कर आग को फैलने से रोका गया, जिससे आसपास की दुकानों तथा दीपक वस्त्रालय से लगे मेडिकल स्टोर को सुरक्षित रखा जा सका। सूचना मिलते ही होमगार्ड जांजगीर की अग्निशमन टीम भी समय रहते मौके पर पहुंची और स्थानीय नागरिकों के सहयोग से आग पर पूर्ण रूप से काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। इस सराहनीय कार्य में निरीक्षक जय कुमार साहू, प्रधान आर. गौतम गोविन्द पाण्डेय, आर. रघुवीर यादव सहित अग्निशमन दल (होमगार्ड जांजगीर) का विशेष योगदान रहा, जिनकी तत्परता से जान-माल की बड़ी क्षति होने से बचाव संभव हो सका।

# गौ सेवा ही सर्वोपरि,गौ माता संस्कारों की जननी-डॉ सम्पत

### बेलटिकरी में गोपनाथ गौ शाला का भव्य शुभारंभ

### श्रीमती कौशिल्या साय एवं डॉ सम्पत अग्रवाल ने की विधिवत गौ पूजन

**बसना ( समय दर्शन )।** बसना ब्लॉक के ग्राम बेलटिकरी (बड़ेसाजापाली) में भक्ति, सेवा और संस्कारों का एक अनूठा संगम देखने को मिला। यहाँ 'श्री गोविंद भीमा गोपनाथ गौशाला' का विधि-विधान और हर्षोल्लास के साथ भव्य शुभारंभ हुआ।

इस गरिमामयी समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल विशिष्ट अतिथि रूप में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल काफी भावुक नजर आए। उन्होंने गौ-सेवा को मानव जीवन का सर्वोच्च धर्म बताते हुए कहा कि गौमाता केवल एक पशु नहीं, बल्कि हमारी भारतीय संस्कृति, आध्यात्म और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मूल आधार हैं। इस गौशाला का निर्माण केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा खड़ा करना नहीं है, बल्कि यह हमारी भावी पीढ़ी को करुणा, सेवा और सनातन संस्कारों से जोड़ने का एक पवित्र अनुष्ठान है।





विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि यदि हमें अपने गांवों को आत्मनिर्भर बनाना है, तो गौ-संरक्षण अनिवार्य है। जैविक खेती से लेकर प्राकृतिक चिकित्सा तक, गौमाता का हर अंश मानवता के लिए वरदान है। यह गौशाला क्षेत्र के किसानों और पशुपालकों के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगी। उन्होंने आगे कहा कि आज के आधुनिक युग में हम अपनी जड़ों को भूलते जा रहे हैं। गौ-सेवा से ही प्रकृति का संतुलन बना रह सकता है। मैं संकल्पबद्ध हूँ कि बसना विधानसभा के प्रत्येक नागरिक में गौ-सेवा के प्रति वही अलख जगा सकूँ जो हमारे पूर्वजों के हृदय में थी। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गौ-पूजन किया। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने स्वयं गायों को गुड़ और चारा खिलाकर सेवा की शुरुआत की। उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया और संचालक समिति को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए ताकि गायों के चारे और स्वास्थ्य की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर कोमना उड़ीसा सदन तिवारी,महिला प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया, सारंगढ़ पूर्व विधायक केरा बाई मनहर,गौशाला संस्थापक गोपनाथ गुरुजी,गौशाला संचालक भीमा देवी, वरिष्ठ कृषक एवं गौ भक्त अखिल जैन,वरिष्ठ भाजपा नेता ओमप्रकाश चौधरी, भंवरपुर मंडल अध्यक्ष डेविड चौधरी,गौ भक्त अंतर्यामी प्रधान, तरेकेला कबीर कुटी आश्रम महंत लखन मुनि साहेब,गौ सेवक जयंती लाल अग्रवाल, जोगीदादर गोविंद गौशाला संचालक सखाराम चौधरी,बसना पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल,अशोक साहू,बनवारी गौशाला सरायपाली वीणा विजय अग्रवाल, भारी संख्या में ग्रामवासी,कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और गौ-सेवक उपस्थित रहे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में कारीडोंगर ने ट्राफी किया अपने नाम

**बसना ( समय दर्शन )।** बसना विकासखंड के ग्राम बड़ेटेमरी में न्यू स्टार क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। समापन अवसर पर सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले खेले गए, जिसमें दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट देखने को मिला। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में चार टीमें कारीडोंगर, कर्राभौना, बड़ेडाभा एवं दीवानपाली—पहुंची थीं। पहला सेमीफाइनल मुकाबला कारीडोंगर एवं कर्राभौना के बीच खेला गया,



जिसमें कारीडोंगर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कर्राभौना को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला बड़ेडाभा एवं दीवानपाली के बीच हुआ, जिसमें बड़ेडाभा की टीम ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई।

फाइनल मुकाबला कारीडोंगर एवं बड़ेडाभा के बीच खेला गया। मैच से पूर्व दोनों टीमों का परिचय विशिष्ट अतिथियों से कराया गया, तत्पश्चात राष्ट्रगान का आयोजन किया गया। टॉस कारीडोंगर टीम ने जीतकर पहले फील्डिंग का निर्णय लिया और बड़ेडाभा को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। बड़ेडाभा की टीम ने 8 ओवर में जीत के लिए 130 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में कारीडोंगर की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 7 ओवर में लक्ष्य हासिल कर फाइनल मुकाबला जीत लिया।

# युवा दिवस का आयोजन, स्वामी विवेकानंद के योगदान को किया याद



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के मौके पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन जिले में बड़े धूमधाम से किया गया। यह आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशन में जिला खेल राजनांदगांव द्वारा गांधी सभा गृह, म्युनिसिपल स्कूल मैदान में हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फिरोज अंसारी (सह-सचिव, हॉकी इंडिया और अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ हॉकी) थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डी कोण्डिया (महासचिव, छत्तीसगढ़ वूशु संघ), ए. एक्का (सहायक संचालक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। फिरोज अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी, 1863 को हुआ था और वे एक महान विचारक, समाज सुधारक और आध्यात्मिक गुरु थे। उन्होंने वेदांत और योग को वैश्विक स्तर पर प्रचारित किया और रामकृष्ण मठ एवं मिशन की स्थापना की। श्री अंसारी ने यह भी बताया कि स्वामी विवेकानंद ने शिकागो धर्म सम्मेलन (1893) में भारत का नाम रोशन किया था, और उनके भाषण ने भारतीय संस्कृति की विश्व में पहचान बनाई। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर भाषण, काव्य पाठ और रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 45 प्रतियोगी शामिल हुए। प्रतियोगिता के विजेताओं को नगद पुरस्कार और मोमेंटो से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में पंकज सोलंकी, सुदेश यादव, पुनाराम यादव और रितेश देवांगन उपस्थित रहे। साथ ही, खेल विभाग की प्रेरणा राणे साहू, गफ्फार खान, कृष्णा यादव, उमेश साहू, रेवती बाई, राजाराम साहू, पुनेश्वर निषाद, पलक सोलंकी, स्वाति निर्मलकर, सौरभ देवांगन और प्रतिमा चंद्रवंशी भी मौजूद थे।

### दो पहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट लगाए पेट्रोल पंपों में नहीं मिलेगी पेट्रोल

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालक/सवार को किसी भी पेट्रोल पंप संचालकों की ओर से आकस्मिक सेवा मेडिकल इमरजेंसी एवं धार्मिक पगड़ी पहनने वाले व्यक्तियों को छोड़कर पेट्रोल एवं अन्य उपयोगी इंधन उपलब्ध नहीं कराने संबंधी आदेश दिये हैं। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार सभी पेट्रोल पम्प संचालक उक्त नीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पेट्रोप पम्प परिसर में 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' का सुस्पष्ट बोर्ड/पोस्टर अनिवार्य रूप से लगाएंगे। उक्त आदेश का उल्लंघन किए जाने पर पेट्रोल पम्प संचालकों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत विधि अनुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### कलेटर महोबे ने ली जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक



**जांजगीर-चांपा ( समय दर्शन )।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन श्री जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत क्रियान्वित नल-जल योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य योजना के निर्धारित नियम एवं प्रावधानों के अनुरूप कराये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि जल जीवन मिशन के कार्य निर्धारित मापदंड के अनुरूप गुणवत्तायुक्त हों। उन्होंने समूह जल प्रदाय योजना के तहत संबंधित ग्रामों में मार्च तक पेयजल आपूर्ति शुरू किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री आदित्य प्रताप ने एजेंडा अनुसार विस्तृत जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर श्री ज्ञानेंद्र सिंह, अपर कलेक्टर श्री आर. के. तंबोली, संयुक्त कलेक्टर श्री संदीप ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती स्निग्धा तिवारी, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के सदस्यगण, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री आदित्य प्रताप सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# देवांगन समाज की ऐतिहासिक शोभायात्रा, नम आंखों से माता को दी विदाई

### परमेश्वरी महोत्सव का भव्य समापन

### युवाओं की बाइक रैली से गूंजा नगर

**मुंगेली( समय दर्शन )।** देवांगन समाज मुंगेली द्वारा आयोजित सात दिवसीय माता परमेश्वरी महोत्सव का समापन रविवार को श्रद्धा, भक्ति और भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ। महोत्सव के अंतिम दिन वर्ष 2026 की ऐतिहासिक एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के महिला, पुरुष, युवा, बच्चे एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। माता परमेश्वरी को विदाई देते समय श्रद्धालुओं की आंखें नम हो उठीं और पूरा नगर भक्तिमय माहौल में डूब गया।

महोत्सव के अंतिम दिन 11 जनवरी की सुबह देवांगन समाज के युवक-युवतियों द्वारा भव्य बाइक रैली निकाली गई। रैली कार्यक्रम स्थल से प्रारंभ होकर माता परमेश्वरी चौक, गोल बाजार, पुराना बस स्टैंड, दाऊपारा, पड़ाव चौक, विनोबा नगर, खर्रीपारा, बायपास, सिंधी कॉलोनी, मल्लाहपारा सहित पूरे नगर का भ्रमण करते हुए सामाजिक एकता और जागरूकता का संदेश देती रही। इस दौरान जय माता परमेश्वरी, जय देवांगन, जय महाजन के गगनभेदी जयकारों से नगर गूंज उठा।

### हवन-पूजन एवं कथा का विधिवत समापन

बाइक रैली के पश्चात चंद्रपुर निवासी कथावाचक भूपेंद्र 'छोटू' देवांगन द्वारा सहयोगी भरत देवांगन के साथ विधिवत मंत्रोच्चार एवं हवन-पूजन कर कथा का समापन कराया गया। इसके उपरांत देवांगन समाज द्वारा वर्ष 2026 की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।



### कलश यात्रा, भक्ति गीत और सेवा भाव का संगम

शोभायात्रा में समाज की बालिकाओं द्वारा आकर्षक कलश यात्रा, महिलाओं द्वारा मधुर भक्ति गीतों की प्रस्तुति तथा समाज के वरिष्ठजनों द्वारा माता परमेश्वरी की सेवा गीतों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। युवाओं ने आतिशबाजी कर उत्साह बढ़ाया, वहीं डीजे धुमाल की धुन पर समाजजनों ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया। शोभायात्रा माता परमेश्वरी चौक से प्रारंभ होकर गोल बाजार, पुराना बस स्टैंड होते हुए नगर के हृदय स्थल पड़ाव चौक से पुन: माता परमेश्वरी चौक पहुंची। मार्ग में जगह-जगह सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं द्वारा माता का भव्य स्वागत किया गया तथा भोग-भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। माता परमेश्वरी को विदाई देते समय वातावरण अत्यंत भावुक हो गया। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता को विदाई दी और अगले वर्ष और भी भव्य आयोजन करने का संकल्प लिया। शोभायात्रा पूर्णत: अनुशासित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई, जिसकी व्यवस्था सिटी कोतवाली पुलिस टीम द्वारा संभाली गई। शोभायात्रा के पश्चात माता परमेश्वरी की विधिवत पूजा-अर्चना कर जिला मुख्यालय स्थित ग्राम रामगढ़ में मूर्ति विसर्जन किया गया। रात्रि में भोग-भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। महोत्सव के अंतिम दिन देवांगन समाज के लोगों ने सामाजिक एकता का परिचय देते हुए अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर पूरे परिवार सहित सहभागिता निभाई। देवांगन समाज के जिलाध्यक्ष आनंद देवांगन (अधिवक्ता) ने आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, नगरवासियों एवं समाज के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं मातृशक्ति का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त-खबर

### वेशभूषा और रंग प्रभावी है पर इतना भी नहीं



**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** 12 जनवरी विवेकानंद युवा उत्सव दिवस बिलासपुर में 1500 छात्र छात्राएं विवेकानंद जैसी पोशाक पहनकर मैदान में खड़े हुए। युवा खेल कूद मंत्रालय के पास इस थीम के लिए बजट है पर प्रदेश सरकार के पास आत्मानंद स्कूल के बिजली बिल पटाने के लिए फंड नहीं है। बिलासपुर के कुछ आत्मानंद स्कूल से क की कक्षाएं बंद की गई बजट नहीं है। यह दोहरा चरित्र ही बताता है कि छत्तीसगढ़ का विष्णु सरकार का विजन क्या है।

एक तरफ1500 युवा विवेकानंद जैसी पोशाक पहनकर ऊर्जावान बन जाएंगे दूसरी तरफआत्मानंद की ऊर्जा ( बिजली ) का बजट नहीं मिलेगा स्वामी विवेकानंद के पूरे साहित्य, वांगमम और दर्शन को अच्छे से पढ़ें उन्होंने अपने उद्बोधन में क्या कहा वह किस वेदांत की बात करते हैं। भारत के युवाओं को वे कैसा जागृत करना चाहते थे वैसा तो बिल्कुल नहीं जैसा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल जागृत कर रहे थे। ज्ञान, गलत ज्ञान और अज्ञान में से सर्वाधिक हानिकारक है गलत ज्ञान जो अजीत डोभाल किसके कहने पर दे रहे थे। इस देश में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने यह भूमिका जो डोभाल निभा रहे हैं कभी प्रकट नहीं कि वे मणिपुर में दिखाई नहीं दिए, पहलगाम के बाद दिखाई नहीं दिए हां दिल्ली दंगों के बाद दिखाई दिए थे तो माननीय का एजेंडा क्या है। राष्ट्रीय सुरक्षा या ध्रुवीकरण।

### बागबाहरा संग्रहण केंद्र में सूखत के संबंध में जानकारी

**महासमुंद( समय दर्शन )।** महासमुंद जिले के बागबाहरा संग्रहण केंद्र में खरीफविपणन वर्ष 2024-25 के दौरान संग्रहित धान में आई सूखत के संबंध में फैलायी जा रही भ्रामक एवं तथ्य से परे जानकारी का जिला विपणन अधिकारी द्वारा खंडन किया गया है।

जिला विपणन अधिकारी आशुतोष कोसरिया ने इस संबंध में कहा कि संग्रहित धान के निराकरण में दर्शाई गई सूखत को चूहों, कीटों अथवा पतंगों द्वारा खाए जाने से जोड़ना पूर्णत: असत्य एवं भ्रामक है। उन्होंने बताया कि यह सूखत वास्तविक रूप से उपार्जन केंद्रों से धान के संग्रहण केंद्रों में भंडारण के पश्चात कस्टम मिलिंग के तहत मिलरों को प्रदाय किए गए धान के वजन में आई स्वाभाविक कमी की मात्रा है।

श्री कोसरिया ने जानकारी दी कि धान का भंडारण दिसंबर 2024 से किया गया था, जिसका अंतिम रूप से निराकरण अक्टूबर 2025 में हुआ। लंबे समय तक खुले में भंडारण के कारण धान की प्रकृति में परिवर्तन आना स्वाभाविक है, जिसके परिणामस्वरूप धान में सूखत की स्थिति उत्पन्न होती है। यह एक सामान्य एवं नियमित प्रक्रिया है, जो पूर्ववर्ती वर्षों में भी देखी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि जिले के अन्य संग्रहण केंद्रों में औसत सूखत की स्थिति लगभग इसी स्तर की रही है तथा राज्य के संग्रहण केंद्रों में सूखत का औसत प्रतिशत लगभग इसी मात्रा में रहता है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में संबंधित प्रभारी को विभाग की ओर से नोटिस जारी किया गया है। प्राप्त जवाब को परीक्षण उपरांत अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया है।

### संत शिरोमणि आचार्य 108 विशुद्ध सागर जी महाराज का राजनांदगांव में ससंघ मंगल प्रवेश



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** दिगंबर जैन समाज के नव पट्टाचार्य 108 विशुद्ध सागर जी महाराज का ससंघ मंगल प्रवेश 13 जनवरी, मंगलवार को राजनांदगांव में होने जा रहा है। यह आयोजन जैन समाज के लिए बड़े हर्ष और गर्व का विषय है। दिगंबर जैन समाज के सचिव सूर्यकांत जैन ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आचार्य श्री का विहार छिंदवाड़ा (मध्य प्रदेश) से राजिम (छत्तीसगढ़) के लिए चल रहा है। उनके साथ 24 मुनियों का विशाल संघ छत्तीसगढ़ की पवित्र धरा को आशीर्वाद देते हुए राजनांदगांव पहुंचेगा। सूर्यकांत जैन ने बताया कि आचार्य श्री ने 12 फरवरी को चंद्रगिरी डोंगरगढ़ पर्वत पर दिगंबर जैन आचार्य समाधि सम्राट 108 विद्यासागर जी महाराज की समाधि स्थल के दर्शन किए। इसके बाद, वे पैदल विहार करते हुए 13 जनवरी को शाम 4 बजे गुरुद्वारा चौक, राजनांदगांव पहुंचेंगे। आचार्य श्री की मंगल अगवानी में सकल जैन समाज, दिगंबर जैन समाज और शहर की धर्म प्रेमी जनता गुरुद्वारा चौक में एकत्रित होकर उनका स्वागत करेगी। इस अवसर पर सु मधुर भजनों की प्रस्तुति के साथ नगर भ्रमण करते हुए आचार्य श्री दिगंबर जैन मंदिर, गंज लाइन पहुंचेंगे, जहां वे भगवान 1008 श्री नेमिनाथ के दर्शन करेंगे। इसके बाद, आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की प्रेरणा से बनने वाले उनके अंतिम प्रकल्प पाषाण के मंदिर का अवलोकन करेंगे। सूर्यकांत जैन ने बताया कि इस विशेष अवसर पर उदयाचल प्रांगण में आचार्य श्री की मंगल देशना भी होगी, जिसका लाभ सभी धर्मप्रेमी जनता को मिलेगा। रात्रि विश्राम राजनांदगांव में होने के बाद प्रात: विहार होने की संभावना है। दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष अशोक झंझरी, सचिव सूर्यकांत जैन और समस्त कमेटी ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से अपील की है कि वे 13 जनवरी को शाम 4 बजे गुरुद्वारा चौक पहुंचकर आचार्य श्री की मंगल अगवानी में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

163.88 करोड़ के 61 कार्यों का भूमिपूजन तथा 69.82 करोड़ के 42 कार्यों का लोकार्पण शामिल है

# विकास के साथ युवाओं के लिए खुलेंगे स्वरोजगार के नए द्वार - मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज बालोद जिले के नगर पंचायत मुख्यालय गुण्डरदेही में 233 करोड़ रुपये की लागत से 103 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इसमें 163.88 करोड़ के 61 कार्यों का भूमिपूजन तथा 69.82 करोड़ के 42 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने गुण्डरदेही में एक सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन के लिए 1 करोड़ तथा प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों हेतु 1 करोड़ की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज जिन विकास कार्यों का लोकार्पण शिलान्यास किया गया है, वे सिर्फ इमारतें नहीं, बल्कि अवसरों के नए द्वार हैं। उन्होंने कहा कि 1 करोड़ की लागत से बनने वाले व्यावसायिक परिसर से युवाओं को स्वरोजगार और व्यापार के नए अवसर मिलेंगे, वहीं सड़क, पुल एवं अधोसंरचना के निर्माण से आवागमन सुगम होगा और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार हर वर्ग के समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। महतारी वंदन योजना से महिलाओं को आर्थिक संबल मिल रहा है, तेंदूपत्ता संग्राहकों को उच्चतम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है, और चरण पादुका योजना को पुन: प्रारंभ कर आदिवासी श्रमिकों को राहत पहुंचाई जा रही है। वनोपज के मूल्य संवर्धन से स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि रामलला दर्शन योजना से आमजन को देश की संस्कृति और विरासत से जोड़ा जा रहा है। वहीं प्रभावी पुनर्वास नीति के चलते नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति लौट रही है और बस्तर अंचल में विकास की नई रोशनी फैल रही है। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और संचार जैसी बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जा रहा है। स्वामी विवेकानंद जी के विचार आज भी युवाओं को आत्मबल, राष्ट्रसेवा और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ इस वर्ष अपनी रजत जयंती मना रहा है और इस अवसर पर रायपुर में डिजिटल आदिवासी संग्रहालय का निर्माण प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की एक विशेष सौगात है, जहां आदिवासी नायकों की गौरवगाथा सहेजी गई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ को विकास के नए आयामों तक ले जाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

इस अवसर पर सांसद श्री भोजराज नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ तेजी से विकास की नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि बस्तर, जो कभी लाल आतंक के लिए जाना जाता था, अब शांति, प्रगति और समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ रहा है और इससे आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय का स्थानीय व्यापारियों द्वारा लड्डुओं से तौलकर अभिनंदन किया गया। उन्होंने विभिन्न विभागों की योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को सामग्री एवं प्रमाण पत्र वितरित किए।कलेक्टर सुश्री दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि नगर पंचायत अध्यक्ष श्री प्रमोद जैन ने स्वागत उद्बोधन में नगर की विकास आवश्यकताओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# 50 वर्षों बाद धमतरी के आदिवासी अंचल में रबी खेती की वापसी : 35 एकड़ में रागी उत्पादन से बदली खेती की तस्वीर



**रायपुर।** धमतरी जिले के वनाच्छादित एवं आदिवासी बहुल उच्चहन क्षेत्र में कृषि के इतिहास में एक नई इबारत जुड़ गई है। गंगरेल बांध के ऊपरी क्षेत्र में स्थित ग्राम डांगीमांचा और खिड़कीटोला में लगभग 50 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद रबी सीजन में संगठित रूप से खेती की शुरुआत की गई है। कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि सुधार एवं विस्तार कार्यक्रम आत्मा योजना के तहत इन दोनों गांवों में कुल 35 एकड़ रकबा में लघु धान्य फसल रागी (मिलेट) की खेती की जा रही है।

विशेष भौगोलिक परिस्थितियों वाले इस उच्चहन क्षेत्र में रागी की खेती की पहल को ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है। शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप वनांचल और आदिवासी क्षेत्रों में पोषणयुक्त लघु धान्य फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। आत्मा योजना के माध्यम से कृषकों को आधुनिक तकनीक, SMI (Systematic Millets Intensification) पद्धति और बीज उत्पादन की जानकारी देकर उनकी आय बढ़ाने के साथ-साथ पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। भविष्य में मिलेट आधारित खेती का विस्तार करते हुए किसानों को बाजार से जोड़ने के लिए सभी आवश्यक सहयोग प्रदान किए जाने की योजना है।

विगत सप्ताह जिले में आयोजित मिलेट महोत्सव के बाद आज आत्मा एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम स्तर पर कृषक पाठशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत तुमराबहार के सरपंच श्री दीपक राम ध्रुव, संबंधित विभागीय अधिकारी, 40 महिला कृषक एवं 32 पुरुष कृषक उपस्थित रहे।

कृषक पाठशाला में रागी फसल की उन्नत खेती से जुड़ी SMI पद्धति, बीज उत्पादन, फसल एवं पोषक तत्व प्रबंधन, कीट-रोग नियंत्रण तथा उत्पादन लागत कम कर अधिक लाभ अर्जित करने की व्यावहारिक जानकारी दी गई। साथ ही रागी के पोषण एवं स्वास्थ्य लाभ तथा इसकी बाजार संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम के दौरान कृषकों को मिलेट आधारित आजीविका सुदृढ़ीकरण, जलवायु अनुकूल खेती और शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित कृषकों ने क्षेत्र में रागी की खेती के सफल प्रयोग को भविष्य में और अधिक विस्तार देने की सहमति व्यक्त की।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने किया नमन, युवाओं से राष्ट्र निर्माण में आगे आने का आह्वान

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के मौके पर प्रदेश के युवाओं को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन और विचार आज भी भारत की युवाशक्ति के लिए ऊर्जा, दिशा और आत्मविश्वास का सबसे बड़ा स्रोत हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को यह विश्वास दिया कि वे स्वयं अपने भविष्य के निर्माता हैं। उनके विचारों ने सेवा, आत्मबल और राष्ट्रप्रेम को जीवन का उद्देश्य बनाने की प्रेरणा दी। आज जब भारत अमृतकाल की ओर अग्रसर है, तब विवेकानंद जी की शिक्षाएँ युवाओं को जिम्मेदार, आत्मनिर्भर और राष्ट्रहित के प्रति सजग नागरिक बनने का मार्ग दिखाती हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए यह गौरव का विषय है कि स्वामी विवेकानंद का जीवन रायपुर से भी जुड़ा रहा है। यहां की धरती पर बिताया गया उनका समय प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना और वैचारिक परंपरा को विशेष पहचान देता है।



मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वास व्यक्त किया कि स्वामी विवेकानंद के विचार आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करते रहेंगे और छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के युवा उनके आदर्शों को अपनाकर समाज, राष्ट्र और मानवता की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

# शिक्षा के साथ संस्कार का होना आवश्यक-राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा

**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद जी की 163वीं जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर रायपुर में युवाओं के उत्साह और राष्ट्रप्रेम का भव्य प्रदर्शन देखने को मिला। इस अवसर पर सुभाष स्टेडियम से स्वामी विवेकानंद सरोवर तक स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम, स्वदेशी भावना और सकारात्मक सोच का विकास करना रहा।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा एवं राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र और राष्ट्रसेवा का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार का होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन नहीं बल्कि व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण का माध्यम भी है।मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति का आधार उसकी युवा शक्ति होती है। भारत आज आज़ादी के अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है और देश की जनसंख्या में युवाओं की बड़ी भागीदारी इसे विश्व मंच पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाला दशक युवा शक्ति के परिश्रम, ऊर्जा और नवाचार से भारत को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति में युवाओं की भूमिका निर्णायक होगी। साथ ही मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों की भी सराहना की। इस अवसर पर मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर स्वदेशी संकल्प दौड़ को रवाना किया तथा उपस्थित युवाओं को स्वदेशी अपनाने और राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प दिलाया।कार्यक्रम में धरसीवां विधायक श्री अनुज शर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर, निजी विश्वविद्यालय संघ के अध्यक्ष श्री विजय कुमार गोयल, सचिव उच्च शिक्षा विभाग डॉ. एस. भारतीदासन,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, युवा एवं नागरिक उपस्थित रहे।

400 'नन्हें विवेकानंद' बने आकर्षण, युवाओं से पंच परिवर्तन अपनाने का आह्वान

# स्वामी विवेकानंद के विचारों से ही होगा सशक्त भारत का निर्माण : मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े

**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात कर ही सशक्त, समरस और विकसित भारत का निर्माण संभव है यह बात महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कही। उन्होंने युवाओं से सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण और नागरिक कर्तव्यों के पालन जैसे पंच परिवर्तन को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को शिक्षा, कौशल और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षित, जागरूक और संस्कारवान युवा ही देश और प्रदेश का भविष्य तय करेंगे। राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानंद जयंती) के अवसर पर




सूरजपुर जिला स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी दृश्य देखने को मिला, जब जिले के 400 स्कूली विद्यार्थी स्वामी विवेकानंद की वेशभूषा में कार्यक्रम में शामिल हुए। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने इस दृश्य को अद्भुत बताते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो स्वामी विवेकानंद की ऊर्जा स्वयं युवाओं के माध्यम से मंच पर साकार हो उठी हो।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने युवाओं से नशे से दूर रहने, राष्ट्र सेवा को जीवन का लक्ष्य बनाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ माँ के नाम अभियान से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान आत्मनिर्भर भारत और नशामुक्त भारत की शपथ भी दिलाई गई। समारोह में भाषण, काव्यपाठ, रंगोली एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें 400 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रेमनगर विधायक श्री भूलन सिंह मरावी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा, पूर्व विधायक श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी सहित जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के अंत में मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने स्वामी विवेकानंद के मंत्र उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत का स्मरण कराते हुए कहा कि यह संदेश आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र निर्माण और मानव कल्याण के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा।


## संक्षिप्त समाचार

# चाइनीज मांझा बेचने वाले दुकानदारों पर लगा जुर्माना...



**रायपुर।** प्रतिबंधित चाइनीज मांझा की बिक्री पर रोक लगाने के लिए पर्यावरण संरक्षण मंडल क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर और रायपुर नगर पालिक निगम की संयुक्त टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में पतंग दुकानों पर औचक छापेमारी की। इस कार्रवाई के तहत नगर निगम जोन-1 क्षेत्र अंतर्गत गुढियारी स्थित प्रयास हॉस्टल के पास दो पतंग दुकानों में दबिश दी गई। जांच के दौरान दुकानदार प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचते हुए पाए गए। मौके पर ही मांझा जब्त कर दोनों दुकानदारों पर कुल 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया, जिसमें प्रत्येक पर 5-5 हजार रुपये का दंड शामिल है। यह कार्रवाई वार्ड पार्षद सोहन साहू और जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमराज देवागन की उपस्थिति में पुलिस बल के साथ की गई। इसी तरह नगर निगम जोन-5 क्षेत्र में घासीदास प्लाजा, आमापारा मार्ग पर सड़क किनारे लगाई गई पतंग दुकानों का भी औचक निरीक्षण किया गया। यहां से भी प्रतिबंधित चाइनीज मांझा जब्त किया गया। साथ ही अव्यवस्थित ढंग से लगी दुकानों को तत्काल हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान जोन-5 के उप अभियंता टिकेन्द्र चंद्राकर उपस्थित रहे। प्रशासन ने बताया कि संक्रांति पर्व के दौरान पतंगबाजी के चलते चाइनीज मांझा के उपयोग से गंभीर हादसों और पक्षियों को नुकसान की आशंका रहती है। इसी को देखते हुए पहले भी बुढ़ापारा और गोलबाजार क्षेत्र में कार्रवाई कर साढ़े चार किलो चाइनीज मांझा जब्त किया जा चुका है। अधिकारियों ने सभी पतंग दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी है कि भविष्य में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा पाए जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे सुरक्षित और वैध मांझे का ही उपयोग करें।

# धान खरीदी की वर्तमान व्यवस्था सराहनीय इससे किसान खुश :मनोरमा



**रायपुर।** धान खरीदी व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए किसान मनोरमा कहा कि वर्तमान व्यवस्था सराहनीय है और इससे किसान खुश हैं। उन्होंने कहा कि धान का सर्वाधिक दाम मिलने से किसानों की आय बढ़ रही है  धान उपार्जन केन्द्रों में पारदर्शी एवं किसान हितैषी व्यवस्था से किसानों को धान विक्रय में राहत मिल रही है। सुव्यवस्थित व्यवस्था के कारण धान बेचने की प्रक्रिया अब सरल, सुगम और त्वरित हो गई है। अम्बिकापुर निवासी श्रीमती मनोरमा पाठक ने धान खरीदी व्यवस्था की सराहना करते हुए बताया कि उनकी खेती लगभग पांच एकड़ 20 डिसमिल भूमि में ग्राम सोहगा में है।मनोरमा ने बताया कि इस वर्ष अत्यधिक बारिश के कारण उनकी कुछ फसल प्रभावित हुई, जिसके चलते उनके पास लगभग 22 क्विंटल धान ही विक्रय के लिए उपलब्ध हो सका। उन्होंने बताया कि धान उपार्जन केन्द्र के माध्यम से उन्होंने आसानी से टोकन कटवाया, टोकन कटाने की प्रक्रिया पूरी तरह सुचारू रही।

धान विक्रय करने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। श्रीमती पाठक ने बताया कि करजी धान उपार्जन केन्द्र पहुंचते ही गेट पास की व्यवस्था, धान की नमी जांच तथा तत्काल बारदाना उपलब्ध करा दिया गया, जिससे धान विक्रय की प्रक्रिया बेहद सहज रही। समिति के केंद्र में किसानों की सुविधा के लिए पेयजल एवं छाया में बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। साथ ही समिति के कर्मचारियों द्वारा किसानों को हर स्तर पर सहयोग प्रदान किया जा रहा है द्यमनोरमा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा धान का सर्वाधिक मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल मिल रहा है और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान की खरीदी की जा रही है, जिससे किसानों को बड़ा लाभ मिल रहा है।

# रायपुर में सनसनी: न्यू राजेंद्र नगर में युवक ने 8वीं मंजिल से कूदकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आत्महत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला न्यू राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है, जहाँ डॉल्फिन कॉलोनी स्थित एक बिल्डिंग की आठवीं मंजिल से छलांग लगाकर एक युवक ने खुदकुशी कर ली। इस हृदय विदारक घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान असलम अंसारी (27 वर्ष) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से मध्य प्रदेश के रीवा जिले का निवासी था। असलम ने इतना आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसका खुलासा फिलहाल नहीं हो पाया है।

**मौके पर पहुंची पुलिस, जांच जारी**

घटना की सूचना मिलते ही राजेंद्र नगर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे मामले की हर पहलू से जांच कर रहे हैं। परिजनों से पूछताछ और मृतक के मोबाइल रिकॉर्ड्स खंगाले जा रहे हैं ताकि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा सके।

**एक हफ्ते में दूसरी बड़ी घटना**

राजेंद्र नगर इलाके के लिए यह हफ्ता काफी भारी रहा है। गौरतलब है कि यह पिछले 7 दिनों के भीतर सुसाइड का दूसरा बड़ा मामला है। इससे पहले अमलीडीह स्थित मारुति रेजिडेंसी में 18 साल की युवती हनीफा उर्फ अनिमा पटेल ने भी मौत को गले लगा लिया था। एक ही इलाके में बार-बार हो रही ऐसी घटनाओं ने स्थानीय प्रशासन और निवासियों की चिंता बढ़ा दी है।

**नोट:** मानसिक स्वास्थ्य बेहद महत्वपूर्ण है। यदि आप या आपके आसपास कोई व्यक्ति तनाव या कठिन दौर से गुजर रहा है, तो कृपया मदद मांगें। आप किसी भी विश्वसनीय हेल्पलाइन नंबर या पेशेवर काउंसलर से संपर्क कर सकते हैं।

## संपादकीय

# एसआईआर पर क्या होना चाहिए, आम लोगों को पूरा मौका मिले

कई राजनीतिक विवाद और तारीखें बढ़ने के बाद आखिरकार यूपी में स्पेशल इंटेंशिव रिविजन (एसआईआर) का ड्राफ्ट रोल जारी हो गया। चुनाव आयोग ने बताया है कि पहले चरण के बाद 2.89 करोड़ नाम काटे गए हैं इसका अंदाजा पहले से ही था। अभी तक जिन 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ड्राफ्ट लिस्ट आई है, वहां कुल मिलाकर 3.69 करोड़ नाम कटे हैं। ड्राफ्ट लिस्ट फाइनल नहीं होती। लोगों के पास दावे और आपत्तियों के लिए अब भी मौका है, लेकिन यह प्रक्रिया सरल और आम नागरिकों की सुविधा का ख्याल रखने वाली होनी चाहिए। पहले चरण में 2.89 करोड़ नाम कटे- बिहार में एसआईआर को अंजाम दिया गया था। वहां जारी शुरुआती लिस्ट में 65 लाख नाम कटे थे, जिसे लेकर काफी हंगामा मचा था। जब लिस्ट रिवाइज की गई, तो 17.9 लाख वोटर्स और बढ़ गए। ऐसा ही बदलाव यूपी और उन राज्यों में भी देखने को मिल सकता है, जहां आपत्तियां ली जा रही है या अब ली जाएंगी। चुनाव से जुड़ी जरूरी प्रक्रिया होने के बावजूद एसआईआर को लेकर कई विवाद चलते रहे हैं। दुर्भाग्य से दूसरे चरण में जिन राज्यों में ड्राफ्ट रोल आ चुका है, वहां भी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे। खासकर बंगाल में सबसे ज्यादा असंतोष है। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अब एसआईआर में इस्तेमाल होने वाले सॉफ्टवेयर पर सवाल उठाए हैं। उनकी पार्टी टीएमसी उन वोटर्स की मैपिंग में भी गड़बड़ी बता रही है, जिनके नाम लिस्ट में नहीं हैं। चुनाव आयोग ने डेटा जारी कर बताया है कि इन नामों को किन-किन वजहों से काटा गया। यह स्पष्टीकरण अच्छी बात है, लेकिन जिनके नाम नहीं है, उन्हें उनके मताधिकार को हासिल करने के लिए हरसंभव मदद की जानी चाहिए। इसमें राजनीतिक दलों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे दावे-आपत्तियां दाखिल कराने, नाम चेक करने में आम लोगों की मदद करें। बिहार एसआईआर से जुड़े मुद्दों पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों की निष्क्रियता पर हैरानी जताई थी और पूछा था कि पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं व जनता के बीच इतनी दूरी क्यों है। लगभग 21 साल पहले हुए स्ढ्ढक्रकी यादें भी अब धुंधली है, क्योंकि तब इतना शोर नहीं मचा था। शायद इसकी वजह बदली राजनीतिक परिस्थितियां है। अब यह शोर चुनावी उत्सव पर भारी न पड़े, जनता का सिस्टम पर से भरोसा न कम हो - इसकी जिम्मेदारी चुनाव आयोग पर है।

## रेल में सोने की लूट और जांच का धोखा

जब रक्षक ही भक्षक बन जाए, तो यह व्यवस्था में एक गहरी और चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। इससे आमजन में असुरक्षा, निराशा और अविश्वास की भावना पैदा होना स्वाभाविक है। अगर कानून व्यवस्था का जिम्मा संभालने वाले ही आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने लगें, तो सुरक्षा और न्याय की उम्मीद किससे की जाए! बिहार में एक ऐसी ही चौंका देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें करीब डेढ़ करोड़ रुपए के सोने की लूट की जांच कर रहा राजकीय रेलवे पुलिस का अधिकारी ही मामले में संलिप्त पाया गया। इस बात का खुलासा तब हुआ, जब पटना रेलवे पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष जांच दल ने गहन तहकीकात की। हैरत की बात है कि जिस अधिकारी को रेल में सफर के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई थी, वही अपराधियों की जमात में खड़ा पाया गया। ऐसे में यह सवाल और भी महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि व्यवस्था में पनप रहे इस तरह के भ्रष्टाचार और अपराध के दरख्तों को खाद-पानी कहां से मिल रहा है? गौरतलब है कि कोलकाता स्थित एक स्वर्ण कारोबारी के कर्मचारी ने बिहार के गया रेल थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि गत वर्ष नवंबर में हावड़ा-बीकानेर एक्सप्रेस रेल में यात्रा के दौरान गया स्टेशन पर पुलिस वर्दी में चार लोग ट्रेन में सवार हुए।

# दुनियाभर में अपना लट्ठ गाड़ने पर क्यों तुले हैं 'चौधरी' ट्रंप?

**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर पूरी दुनिया को चौंकाने वाला बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि क्यूबा आर्थिक रूप से टूटने के कगार पर है, ग्रीनलैंड अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी है और अगर ईरान में सरकार ने जनता पर दमन तेज किया तो अमेरिका कड़ा जवाब देगा। यही नहीं वेनेजुएला की राजधानी पर अमेरिकी हमले को लेकर उन्होंने खुले तौर पर कहा कि हम ही प्रभारी हैं और यह अभियान शांति के लिए था। कोलंबिया को भी ट्रंप ने चेतावनी दी है और भारत को भी रूसी तेल खरीदने पर शुल्क बढ़ाने की धमकी दी है। देखा जाये तो ट्रंप के इन बयानों और कार्रवाइयों ने अमेरिका की आक्रामक विदेश नीति को फिर उजागर कर दिया है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र में भी वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई की वैधता पर बहस तेज हो गई है और दुनिया एक बार फिर दो ध्रुवों में बंटती दिख रही है।**

**(नीरज कुमार दुबे )**

क्यूबा पर ट्रंप का बयान यह दिखाता है कि अमेरिका अब भी शीत युद्ध की मानसिकता से बाहर नहीं आया है। क्यूबा को कमजोर बताकर वह यह संकेत देना चाहते हैं कि वेनेजुएला से उसका आर्थिक सहारा टूट चुका है और अब दबाव डालने का सही समय है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर पूरी दुनिया को चौंकाने वाला बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि क्यूबा आर्थिक रूप से टूटने के कगार पर है, ग्रीनलैंड अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी है और अगर ईरान में सरकार ने जनता पर दमन तेज किया तो अमेरिका कड़ा जवाब देगा। यही नहीं वेनेजुएला की राजधानी पर अमेरिकी हमले को लेकर उन्होंने खुले तौर पर कहा कि हम ही प्रभारी हैं और यह अभियान शांति के लिए था। कोलंबिया को भी ट्रंप ने चेतावनी दी है और भारत को भी रूसी तेल खरीदने पर शुल्क बढ़ाने की धमकी दी है। देखा जाये तो ट्रंप के इन बयानों और कार्रवाइयों ने अमेरिका की आक्रामक विदेश नीति को फिर उजागर कर दिया है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र में भी वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई की वैधता पर बहस तेज हो गई है और दुनिया एक बार फिर दो ध्रुवों में बंटती दिख रही है। अमेरिका यह दावा कर रहा है कि उसने अपराधी को पकड़ा है। लेकिन सवाल यह है कि अपराध तय करने का अधिकार किसने दिया। क्या दुनिया में केवल एक ही देश न्यायाधीश है। क्या लोकतंत्र की परिभाषा अब बंदूक की नली से तय होगी। अगर यही नियम है, तो कल किसी और देश की बारी भी आ सकती है। यह पूरा घटनाक्रम बताता है कि दुनिया एक खतरनाक मोड़ पर खड़ी है। जहां ताकतवर देश खुलेआम कमजोर देशों की सरकारें गिराने लगे हैं। आज मादुरो जेल में है। कल कोई और होगा। सवाल यह नहीं कि मादुरो सही था या गलत। सवाल यह है कि क्या दुनिया अब बंदूक के कानून से चलेगी। अगर इसका जवाब हां है, तो यह केवल वेनेजुएला की हार नहीं, बल्कि पूरी वैश्विक व्यवस्था की हार होगी। यह भी साफ दिख रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप की राजनीति अब धमकी की भाषा बोल रही है। वह हर मंच से खुद को शांति दूत बताने की कोशिश करते हैं लेकिन उनके कदम लगातार युद्ध और हस्तक्षेप की ओर बढ़ते दिखते हैं। क्यूबा, कोलंबिया और ग्रीनलैंड को लेकर उनकी ताजा धमकियां उस सोच का हिस्सा हैं जिसमें अमेरिका खुद को पूरी दुनिया का निर्णायक मानता है।

क्यूबा पर ट्रंप का बयान यह दिखाता है कि अमेरिका अब भी शीत युद्ध की मानसिकता से बाहर नहीं आया है। क्यूबा को कमजोर बताकर वह यह संकेत देना चाहते हैं कि वेनेजुएला से उसका आर्थिक सहारा टूट चुका है और अब दबाव डालने का सही समय है। अमेरिका के लिए क्यूबा सिर्फ एक द्वीप नहीं बल्कि वैचारिक चुनौती रहा है। अगर अमेरिका क्यूबा पर सीधे हमले की कोशिश करता है तो यह लैटिन अमेरिका में भारी अस्थिरता ला सकता है। इससे अमेरिका विरोधी भावनाएं और तेज होंगी और रूस तथा चीन को दखल का नया मौका मिलेगा।

वहीं, ट्रंप का कोलंबिया को धमकी देना बताता है कि अमेरिका अब अपने पुराने सहयोगियों को भी नहीं बख्श रहा। वेनेजुएला प्रकरण के बाद लैटिन अमेरिका में हालात पहले ही तनावपूर्ण हैं। कई देश अमेरिकी दबाव से थक चुके हैं। वेनेजुएला पर हमले को क्षेत्र के कई देशों ने संप्रभुता पर हमला माना है। अमेरिका पहले भी चिली, निकारागुआ और पनामा जैसे देशों में दखल देता रहा है। कभी तख्तापलट के जरिए तो कभी आर्थिक प्रतिबंधों से। आज भी वही नीति नए शब्दों में लौट आई है।

दूसरी ओर, ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप का बयान दरअसल आर्कटिक क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा को दिखाता है। ग्रीनलैंड अमेरिका के लिए सामरिक दृष्टि से अहम है। यहां से रूस और चीन की गतिविधियों पर नजर रखी जा सकती है। लेकिन किसी क्षेत्र को जरूरत बताकर हथियाने की सोच उपनिवेशवादी मानसिकता का उदाहरण है। अगर अमेरिका ग्रीनलैंड पर दबाव बढ़ाता है तो यह यूरोप और नाटो के भीतर भी दरार पैदा कर सकता है।

वहीं ईरान को लेकर ट्रंप की चेतावनी यह दिखाती है कि अमेरिका खुद को विश्व का पुलिसमैन मानता है। ईरान के आंतरिक मामलों में इस तरह की धमकी अंतरराष्ट्रीय कानून की अवहेलना है। यह संदेश दिया जा रहा है कि जो भी सरकार अमेरिका की लाइन से हटेगी उसे बल प्रयोग से सुधारा जाएगा। इससे पश्चिम एशिया में पहले से जारी तनाव और भड़क सकता है। उधर, भारत के साथ अमेरिका के रणनीतिक संबंधों के बावजूद ट्रंप की धमकियां बताती हैं कि उनकी दोस्ती भी शर्तों पर टिकी है। भारत को रूसी तेल खरीदने पर चेतावनी देकर वह यह साबित करना चाहते हैं कि अमेरिकी हित सर्वोपरि हैं। यह दबाव नीति भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को चुनौती देती है और बताती है कि अमेरिका साझेदारी को बराबरी का नहीं बल्कि नियंत्रण का जरिया मानता है। हम आपको यह भी बता दें कि वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले को दुनिया ने अलग-अलग नजर से देखा है। वेनेजुएला का कहना है कि यह सीधी आक्रामकता है जबकि अमेरिका इसे शांति अभियान बता रहा है। वहीं संयुक्त राष्ट्र में इस कार्रवाई की वैधता पर सवाल उठे हैं। कई देशों ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन कहा है। इस हमले ने दुनिया को दो हिस्सों में बांट दिया है। एक तरफ अमेरिका और उसके समर्थक हैं तो दूसरी तरफ वह देश हैं जो संप्रभुता और बहुपक्षीय व्यवस्था की बात कर रहे हैं।

इसके अलावा, वेनेजुएला के बाद लैटिन अमेरिका में अमेरिका विरोधी भावना और मजबूत हुई है। लोग पूछ रहे हैं कि क्या अमेरिका आज भी मोनरो सिद्धांत के नाम पर पूरे महाद्वीप को अपना हिस्सा मानता है। ट्रंप ने खुद कहा कि यह हमारा गोलार्ध है। यह बयान साफ करता है कि अमेरिका अब भी क्षेत्रीय वर्चस्व की पुरानी सोच से बाहर नहीं निकला है।

यहां सबसे बड़ा सवाल यह है कि जो नेता रोज शांति की बात करता है और नोबेल शांति पुरस्कार पर अपना दावा करता है वही युद्ध क्यों छेड़ता जा रहा है? इसका जवाब ट्रंप की घरेलू राजनीति में छिपा है। दरअसल आक्रामक राष्ट्रवाद उनके समर्थकों को जोश देता है।

# जीवन धारा- भाग्य से प्रेम करने का साहस रखें...

**(पवन पांडेय)**

हर घटना को अपनी नियति का आवश्यक अंग मानें। यह स्वीकृति आपको गुलाम नहीं बनाती, बल्कि आपको मुक्त करती है। तब आप भाग्य के अधीन नहीं रहते, बल्कि उसके साथ नृत्य करने लगते हैं।जीवन अक्सर हमारी योजनाओं के अनुसार नहीं चलता। वह अपनी ही लय में चलता है-कभी हमें ऊंचाइयों पर ले जाता है, कभी गहराइयों में धकेल देता है। इसमें पीड़ा है, असफलताएं हैं, अपमान है और ऐसे क्षण भी आते हैं, जब लगता है कि पूरा संसार हमारे विरुद्ध खड़ा हो गया है। लेकिन यहीं से जीवन का एक गहरा और क्रांतिकारी सत्य प्रकट होता है- सच्ची शक्ति परिस्थितियों को बदलने में नहीं, बल्कि उन्हें पूरे हृदय से स्वीकार करने और उनसे प्रेम करने में है। यही है अमोर फाति, यानी अपने भाग्य से प्रेम करना।

अमोर फाति का अर्थ समर्पण नहीं, बल्कि स्वीकृति है। यह कहना नहीं कि 'मुझे सहना ही होगा', बल्कि यह कहना है कि मैं इसे चाहता हूं। जो घट रहा है, वह केवल सहने योग्य नहीं, बल्कि आवश्यक है। यह दृष्टि जीवन को युद्धभूमि नहीं, बल्कि आत्म-निर्माण की प्रयोगशाला मानती है। जो तुम्हें तोड़ता है, वही तुम्हें गढ़ता है। जो तुम्हें चोट पहुंचाता है, वही तुम्हें गहराई देता है। बुरी चीजों को भी सुंदर देखना सीखो। तब तुम उन लोगों में से एक बन जाओगे, जो स्वयं चीजों को सुंदर बना देते हैं। बीमारी, हानि, तिरस्कार-ये कोई अभिशाप नहीं, बल्कि भाग्य के उपहार हैं। इनके विरुद्ध युद्ध मत छेड़ो। जो तुम्हारे हिस्से आया है, उसे गले लगाओ। भाग्य से लड़ने वाला थक जाता है, लेकिन भाग्य से प्रेम करने वाला शक्तिशाली हो जाता है।

स्वयं से एक कठोर प्रश्न पूछो-यदि यही जीवन, जैसा है, हर आनंद और हर पीड़ा के साथ, अनंत बार दोहराया जाए, तो क्या तुम इसे फिर भी 'हां' कहोगे? या स्वीकारोगे? यही अमोर फाति की अंतिम परीक्षा है। महान वही है, जो कह सके कि कुछ भी अलग नहीं होना चाहिए। अतीत को दोष मत दो, वर्तमान को कोसो मत। हर घटना को अपनी नियति का आवश्यक अंग मानो। यह स्वीकृति तुम्हें गुलाम नहीं बनाती, बल्कि यह तुम्हें मुक्त करती है। तब तुम भाग्य के अधीन नहीं रहते, बल्कि उसके साथ नृत्य करने लगते हो। यही स्वतंत्र आत्मा की पहचान है।अमोर फाति निष्क्रियता नहीं सिखाता। यह सक्रिय, साहसी और रचनात्मक स्वीकृति है। जब कोई रिश्ता टूटे, तो उसे पतन नहीं, विकास का द्वार समझो। जब जीवन तुम्हें चुनौती दे, तो उसे अवसर मानो-स्वयं को और ऊंचा उठाने का अवसर। खुद को 'हां' कहने वाला बनाओ। हर सुबह यह संकल्प लो कि आज जो भी आएगा, मैं उसका स्वागत करूंगा। दर्द आए, तो पूछो कि यह मुझे क्या मजबूत बना रहा है? सफलता मिले, तो कृतज्ञ बनो और उसे भाग्य का वरदान मानो। ऐसी मनोवृत्ति चिंता को जला देती है, भय को निष्प्रभावी कर देती है। तब तुम जीवन के साधारण पात्र नहीं रहते, तुम उसके नायक बन जाते हो।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5969

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 4 | | 6 | |
| 3 | | | | 6 | 8 | 2 | | |
| 4 | 6 | | | 9 | | | | 1 |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| | 3 | 4 | | 5 | | 7 | 2 | |
| | 9 | | 2 | | | | | |
| 6 | | | | 8 | | | 7 | 9 |
| | | 9 | 3 | 2 | | | | 8 |
| | 7 | | 9 | | | | 5 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5968

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 7 | 9 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 1 | 9 | 5 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 7 | 9 | 2 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 7 | 2 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 6 | 1 | 9 | 5 | 7 | 3 | 4 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 | 6 | 7 |

## वर्ग पहेली 5969

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 16 मई 2010 को वेस्टइंडीज में आयोजित 20-20 मैच में ऑस्ट्रेलिया को इस देश ने हराकर विश्व कप जीता (3)
3. रूबल मुद्रा इस देश में प्रचलित है (2)
5. मित्र, दोस्त, संगी (2)
7. भारत में 14 वें राष्ट्रपति के रूप में इन्हें निर्वाचित किया गया (7)
9. कटी फसल का ढेर, छोटा ढेर (2)
10. एक श्लोक का चतुर्थांश, योग्यतानुसार दिया गया ओहदा, पदवी (2)
12. अप्रबल, उत्साहीन, मंदस्वरीय (2)
13. यह पश्चिम अफ्रीका में स्थित एक देश है, इस शब्द का अर्थ लडाकू राजा है (2)
14. नैवेद्य, भोग्य वस्तु (2)
15. पुत्र, बेटा (2)
16. विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश (3)
17. गीत गाने या बोलने का ढंग (2)
18. आखेट चारा, कण, अनाज (2)
19. पढ़ाना, सिखाना, दीक्षा, गुरुमंत्र (3)

**ऊपर से नीचे**

1. 1971 में इन्हें भारतरत्न से नवाजा गया (5)
2. पतन होना, भरा जाना (3)
4. शताब्दी, दीर्घकाल, सौ वर्ष का समय (2)
5. मान करना, कोपना, रूठना (4)
6. शोहर, पति, स्वामी (3)
8. अव्यवस्थित समूह, हुजुर (3)
11. प्रसिद्ध क्रांतिकारी जिन्हें 23 मार्च 1931 को लाहोर में फांसी दे दी गई (5)
13. गुणनफल, उपयुक्त अवसर, अहित (2)
14. सुबह, प्रभात, सवेरा (2)
15. निर्देशक बिम्मल राय की 1959 की फिल्म जिसमें सुनीलदत व नूतन की जोड़ी थी (3)
16. अच्छा लगना, पसंद आना, शोभान्वित होना (2)
17. प्रेम, प्यार, (अंग्रेजी) (2)
18. मूल्य, कीमत (2)

### वर्ग पहेली 5968 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कु | वै | त | | सु | ख | दे | व |
| रा | त | प | ड़ | ना | | ना | च |
| न | र | | | ई | श | | न |
| | णी | | आ | दे | श | | |
| ब | | आ | | ना | क | त | क |
| सा | म | वै | द | | | ह | ल |
| व | | श | ल | भ | | जी | प |
| ट | न | | ना | | दा | ब | ना |

# आज का राशिफल

### मेष
आज जीवनसाथी से किसी भी बात को छिपाने से बचना चाहिए। ऐसे में सायंकाल के बाद घर परिवार में कटुता व्याप्त हो सकती है। आपकी मनोदशा में तनाव से मुक्ति मिलेगी। यदि आप किसी प्रेम प्यार के दायरे का खुलासा करते हैं तो पारिवारिक वातावरण अशांत हो सकता है।

### वृष
आज आपका कामकाज अच्छा चलेगा। आप अपनी सभी गतिविधियों को जरूरत के मुताबिक संचालित करने में सफल रहेंगे। संगी साथी आपको मदद देने के लिए तैयार रहेंगे। लेकिन उन पर पूरी तरह विश्वास कर लेना आपके लिए खतरे से खाली नहीं होगा।

### कर्क
आज के दिन किसी नए प्रोजेक्ट पर आपका ध्यान आकर्षित हो सकता है। इस क्षेत्र में कुछ पुराने मित्रों से आर्थिक सपोर्ट भी आपको मिलता दिख रहा है। अगर किसी की सहायता करेंगे तो आपको भी कुछ आर्थिक लाभ हो सकता है।

### सिंह
आज सैर सपाटे की योजना बन सकती है। ऐसे में यात्रा के लिए आपको कुछ तैयारी करनी पड़ेगी। समय रहते कुछ अधूरे काम भी आपको पूरे करने होंगे। दोपहर के बाद भागदौड़ अधिक हो सकती है। ऐसे में जल्दबाजी के चक्कर में कोई भूल भी हो सकती है। सावधान रहें।

### मिथुन
आज करियर में बदलाव लाने की कोशिश बेकार जाएगी। ग्रह दशा बता रही है कि अभी परिस्थिति ठीक नहीं हैं। किसी भी काम में हाथ डालने से पहले अपने हम सफर से सलाह जरूर ले लें।

### कन्या
आज शारीरिक शिथिलता और अस्वस्थता खत्म होगी। आपके द्वारा किए गए उपाय का अच्छा परिणाम देखने को मिलेगा। छोटे सदस्य या संतान की ओर से भी अच्छा समाचार मिलेगा। वस्त्र आदि का लाभ हो सकता है।

### तुला
आज यदि आप किसी काम के लिए संकल्प लेंगे तो वह कार्य पूर्ण करके ही दम लेंगे। किसी के एडमिशन या फिर यात्रा आदि से संबंधित कोई व्यवस्था करनी पड़ सकती है। किसी जरूरी वस्तु की खरीद करनी पड़ेगी। अटका हुआ पैसा भी निकालने में आप सफल रहेंगे।

### वृश्चिक
मित्रों के लिए कुछ धन की भी व्यवस्था करनी पड़ सकती है। यदि आप किसी एग्जाम परीक्षा के लिए तैयारी करना चाहते हैं तो फिर अपने घर के साधन भी व्यवस्थित करने होंगे। घर के वरिष्ठ सदस्य से टकराव मोल लेना आपके हित में नहीं होगा।

### मकर
आज किसी खास सदस्य के खराब स्वास्थ्य के कारण घर परिवार का वातावरण कुछ परेशान करने वाला रहेगा। तनाव से उबरने का रास्ता यहीं है कि आज आप किसी मनोरंजक यात्रा पर निकल पड़ें। यदि आपके पास वाहन आदि नहीं भी हो तो सार्वजनिक वाहन का फायदा उठाया जा सकता है।

### कुंभ
आज आप कुछ मायूसी के मूड में रहेंगे। विपरीत हालातों से मन को व्यथा होगी। युवा वर्ग को दाम्पत्य जीवन अथवा प्रेम संबंधों को लेकर शिकायत रहेगी। ऐसे में जीवन साथी का भरोसा जीतना जरूरी होगा। कुछ जरूरी खर्चे भी सामने आएंगे। बुजुर्गों का सहयोग कुछ हद तक माहौल को ठीक करने में सहायक होगा।

### धनु
आज अपने बिजनेस या प्रोस्पेक्टस को सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाना पड़ेगा। आर्थिक क्षेत्र में अभी ज्यादा भागदौड़ देखने को नहीं मिलेगा। हल्की फुल्की देनदारियां चुकाने का समय है। हालांकि, इससे आपके कोष में कमी नहीं आएगी। परिजनों की कुछ मांग पूरी करनी पड़ सकती है।

### मीन
आज कार्यक्षेत्र के वातावरण में सुधार होगा। कठोर प्रकृति का व्यक्ति नज़रों से दूर रहेगा और वातावरण में हल्कापन और मनोरंजन का रंग छाया रहेगा। किसी सहकर्मी या बॉस के द्वारा पार्टी देने से और भी चहल पहल बढ़ेगी।



# नए प्रोजेक्ट पर साथ में करेंगे काम सैयामी खेर और गुलशन देवैया


बॉलीवुड में कुछ कलाकारों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री दर्शकों को इतनी पसंद आती है कि वे पर्दे पर उस जोड़ी को फिर से देखने के लिए उत्साहित रहते हैं। सैयामी खेर और गुलशन देवैया की जोड़ी कुछ ऐसी ही है। दोनों ने पहले अनपॉज्ड और 8 ए.एम. मेट्रो जैसी फिल्मों में साथ काम किया, जिसमें उनके बीच की कमेस्ट्री दर्शकों को बहुत पसंद आई। अब यह जोड़ी फिर से एक साथ एक नए प्रोजेक्ट में नजर आने वाली है। एक सूत्र ने आईएएनएस को बताया कि सैयामी और गुलशन ने हाल ही में इस नए प्रोजेक्ट की शूटिंग पूरी कर ली है। उनकी जोड़ी को दोबारा स्क्रीन पर देखना दर्शकों के लिए हमेशा सुखद अनुभव रहा है। हालांकि, अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि यह नया प्रोजेक्ट फिल्म है या वेब सीरीज, लेकिन इस जोड़ी को देखने के लिए फैंस काफी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सूत्र ने बताया कि इस नए प्रोजेक्ट की सभी जानकारी सीक्रेट रखी गई है, जिनका जल्द ही खुलासा हो सकता है। सैयामी खेर इन दिनों अक्षय कुमार और सैफ अली खान के साथ फिल्म हैवान में नजर आने वाली है। प्रियदर्शन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शरीब हाशमी भी अहम किरदार में हैं। फिल्म की शूटिंग कोच्चि, ऊटी और मुंबई जैसे शहरों में हुई। वहीं गुलशन देवैया भी हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज परफेक्ट फैमिली की सफलता का आनंद ले रहे हैं। इस सीरीज में उन्होंने विष्णु नाम के एक ऐसे व्यक्ति का किरदार निभाया है, जो एक परफेक्ट दिखने वाले परिवार का हिस्सा है। ये परिवार बाहर से खुश है, लेकिन अंदर से टूटा हुआ है। इस सीरीज का निर्देशन सचिन पाठक ने किया। इसमें गुलशन देवैया के अलावा, मनोज पाहवा, सीमा पाहवा, गिरिजा ओक और नेहा धूपिया भी हैं। यह सीरीज 27 नवंबर को यूट्यूब चैनल जार सीरीज पर रिलीज हुई।





# रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं दीपिका

हाल ही में दीपिका पादुकोण ने मुंबई में अपने फैंस के लिए एक स्पेशल फैन मीट सेशन रखा था। इस दौरान एक्ट्रेस देश भर के 50 फैंस से मिलीं। इस सेशन में फैंस ने दीपिका से खूब सवाल पूछे और उन्होंने सबका जवाब भी दिया। सेशन के दौरान एक्ट्रेस से पूछा गया कि वो कब किसी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में नजर आएंगी? इस पर उन्होंने जवाब दिया- 'मुझे पूरी उम्मीद है कि बहुत जल्द। जैसा कि आप सभी जानते हैं, यह मेरी पसंदीदा जोनर है। एक ऑडियंस के तौर पर भी और एक एक्ट्रेस के तौर पर भी। मुझे लगता है कि अभी का माहौलज दर्शक कुछ अलग देखना चाहते हैं। लेकिन अगर आप में से इतने सारे लोग रोमांटिक कॉमेडी देखना चाहते हैं, तो मुझे यकीन है कि पब्लिक का एक बड़ा हिस्सा यही चाहती है।'
जैसे ही दीपिका ने यह कहा एक फैन ने ऋतिक रोशन का नाम लिया। सेशन के होस्ट ने इस बात पर वहां मौजूद फैंस से एक एक पोल कराया कि रोमांटिक कॉमेडी में दीपिका को किसके साथ काम करना चाहिए... ऋतिक रोशन, शाहरुख खान या उनके पति रणवीर सिंह। फैंस ने शाहरुख और ऋतिक के नाम पर चीयर किया लेकिन सबसे ज्यादा रणवीर सिंह के नाम को समर्थन मिला। बातचीत के दौरान, दीपिका ने शाहरुख खान, रणवीर सिंह या रणबीर कपूर के साथ एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में स्क्रीन साझा करने की संभावना के बारे में बात की और स्वीकार किया कि वो इस जोनर में अच्छी कहानियों की तलाश कर रही हैं। ऐसी अफवाह चल रही है कि दीपिका अयान मुखर्जी की अगली रोमांटिक फिल्म के लिए रणबीर कपूर के साथ काम कर सकती हैं। हालांकि, इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।
उन्होंने कहा- यह ऐसी चीज है जिसकी तलाश में मैं और मेरी टीम लगी रहती हैं। हम लगातार ड्रामा, लव स्टोरी, रोमांटिक कॉमेडी, जैसे जोनर की फिल्में ढूंढते रहते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि इस तरह के कंटेंट को सपोर्ट करने वाले या इस समय इस तरह की फिल्में और टीवी शो लिखने वाले बहुत कम मेकर्स हैं।' दीपिका ने अपने फैंस से यह भी पूछा कि क्या वे रोमांटिक कॉमेडी फिल्म को ओटीटी पर देखना पसंद करेंगे या थिएटर में। फैंस ने जवाब में थिएटर कहा। फिर दीपिका ने पूछा- अगर मैं ओटीटी पर काम करूं तो क्या आप नाराज होंगे? एक फैन ने जवाब दिया- आप बड़े पर्दे के लिए ही बनी हैं। एक अन्य फैन ने मजाकिया अंदाज़ में कहा- जब तक आपका किरदार नहीं मरता, तब तक सब ठीक है। दीपिका हंसते हुए कहती हैं- मेरी मां भी यही कहती रहती हैं। बता दें कि दीपिका की कई फिल्मों में उनके किरदारों की मौत हो जाती है, जिनमें उनकी पहली फिल्म ओम शांति ओम, गोलियों की रासलीला रामलीला, पद्मावत और जवान शामिल हैं। दीपिका जल्द ही शाहरुख खान की फिल्म किंग में नजर आएंगी। इसके अलावा, वह अल्लू अर्जुन के साथ एटली की फिल्म 22x6 में काम कर रही हैं।



# तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया का हुआ ब्रेकअप

## क्या एपी ढिल्लों के कॉन्सर्ट के बाद रिश्ते में आई खटास?

**तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया को अक्सर पार्टी, इवेंट्स में खूब साथ देखा गया। इन्होंने खुलकर अपने इश्क का इजहार किया। कुछ वक्त पहले न्यू ईयर वेकेशन मनाने भी दोनों साथ गए। लेकिन अब इनके ब्रेकअप की खबर सामने आ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दोनों की राहें अब जुदा हो चुकी हैं। सोशल मीडिया पर चर्चा है कि इस ब्रेकअप की वजह सिंगर एपी ढिल्लों के कॉन्सर्ट में हुई घटना बनी है।**

### तारा और वीर ने नहीं किया खबर का खंडन

फिल्मफेयर की एक रिपोर्ट के अनुसार वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया ने ब्रेकअप कर लिया है। इस बात की पुष्टि उनसे जुड़े करीबी सूत्रों ने की है। जबकि वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया की तरफ से अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई। ऐसे में ब्रेकअप क्यों हुआ, इस बात को लेकर अभी स्थिति साफ नहीं है। लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स इस ब्रेकअप की असल वजह सिंगर एपी ढिल्लों के कॉन्सर्ट को मान रहे हैं।

### एपी ढिल्लों के कॉन्सर्ट में क्या हुआ था?

कुछ दिन पहले सिंगर एपी ढिल्लों के कॉन्सर्ट में तारा सुतारिया पहुंची थीं, उनके बॉयफ्रेंड वीर पहाड़िया भी साथ थे। कॉन्सर्ट के दौरान एपी ढिल्लों ने तारा सुतारिया को मंच पर बुलाया। इस दौरान दोनों के बीच की बॉन्डिंग ने सभी को हैरान कर दिया। स्टेज पर तारा, एपी ढिल्लों के साथ मंच पर थीं और सिंगर ने उन्हें किस कर लिया। इसके बाद जिस तरह से वीर पहाड़िया का रिएक्शन कैमरे में कैद हुआ, उसने हंगामा मचा दिया। गौरतलब है कि तारा और वीर ने इसी साल अगस्त में अपने रिश्ते को पब्लिक किया था। इसके बाद से दोनों अक्सर साथ नजर आते रहे हैं, दोनों के वीडियोज भी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल होते हैं। इंस्टाग्राम पर भी दोनों साथ में फोटो पोस्ट करते थे। लेकिन अब इनके ब्रेकअप की खबरें सामने आ रही हैं। जिसके पीछे सोशल मीडिया यूजर्स एपी ढिल्लों के कॉन्सर्ट में हुई घटना को जिम्मेदार मान रहे हैं। वैसे तारा सुतारिया ने एपी ढिल्लों के कॉन्सर्ट में हुई बातों को वायरल करवाने के पीछे नेगेटिव पीआर को जिम्मेदार माना था।

### करियर फंट को लेकर भी चर्चा में तारा सुतारिया

तारा सुतारिया करियर फंट को लेकर भी चर्चा में हैं। जल्द ही वह साउथ सुपरस्टार यश की फिल्म टॉक्सिक में नजर आएंगी। इस फिल्म से उनका लुक भी सामने आ चुका है। टॉक्सिक 19 मार्च को रिलीज होगी, इसकी टक्की सिनेमाघरों में फिल्म धुरंधर 2 से है।



# एक बार फिर दर्शकों को गुदगुदाएगी वरुण और पुलकित सम्राट की जोड़ी

फुकरे फिल्म में एक्टर पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा की केमिस्ट्री ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। यह जोड़ी एक बार फिर फिल्म राहुङ्ककेतु के जरिए धमाल मचाने आ रही है। फिल्म के रिलीज से पहले वरुण और पुलकित ने आईएएनएस के साथ बातचीत की। इस दौरान उन्होंने फिल्म के टाइटल से लेकर शूटिंग के अनुभव के बारे में बताया।
एक्टर वरुण शर्मा ने कहा, फिल्म का टाइटल राहुङ्ककेतु सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि करियर और दोस्ती के यादगार पल दिलाने वाला प्रतीक है। मैंने और पुलकित ने एक-दूसरे के साथ दस साल से ज्यादा समय बिताया है और यह हमारी पांचवीं फिल्म है। जैसे राहु और केतु हमेशा हमारे जीवन में चलते रहते हैं। वैसे ही हमारी दोस्ती और काम करने का सफर भी बेहद खूबसूरत तरीके से आगे बढ़ रहा है। फिल्म स्क्रिप्ट को लेकर वरुण ने कहा, राहुङ्ककेतु केवल दर्शकों को हंसाने वाली फिल्म नहीं है। इसके साथ ही इसमें एक संदेश भी छिपा है। फिल्म के लेखक और निर्देशक विपुल विग ने कहानी में इस तरह की परतें डाली हैं कि दर्शक फिल्म देखकर हल्का महसूस करेंगे। हंसते-हंसते खुद को और अपने कर्मों को भी समझ पाएंगे। इस फिल्म के जरिए नया साल हंसी और पॉजिटिविटी के साथ शुरू करने का मौका मिलेगा। पुलकित सम्राट ने कॉमेडी को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, कॉमेडी किसी भी अन्य जॉनर की तरह ही चुनौतीपूर्ण होती है। हर सीन में मेहनत लगती है और सही समय पर हंसी लाना बहुत मुश्किल होता है।
वहीं पुलकित ने कहा, वरुण से मैंने बहुत कुछ सीखा है, खासकर टाइमिंग के मामले में। उसके साथ काम करने से मेरी कॉमिक स्किल्स और परफॉर्मेंस में निखार आया है। मुझे कभी वरुण के साथ फिल्मों में काम करना बोरिंग नहीं लगा। लोग हमारी बॉन्डिंग को पसंद करते हैं। हम हर बार नए अंदाज में आते।



# हमारी इंडस्ट्री में आज भी हीरो को पूजा जाता है, पर लड़कियां अब बोलने लगी हैं

राशि खन्ना ने हिंदी फिल्म मद्रास कैफे से एक्टिंग का ककहरा सीखा, फिर जल्द ही तमिल-तेलुगू सिनेमा को भी साध लिया। पैन इंडिया कलाकार बन चुकीं राशि आने वाले दिनों में पवन कल्याण के साथ तेलुगू फिल्म उस्ताद भगत सिंह में नजर आएंगी। यही नहीं, वह तमिल फिल्म राउडी एंड कंपनी और हिंदी फिल्म तलाखों में एक और ब्रिज में भी दिखेंगी। ओटीटी पर भी अजय देवगन के साथ रुद्र- द एज ऑफ डार्कनेस और शाहिद कपूर की फर्जी में उन्होंने अपनी छाप छोड़ी है। बीते साल 2025 में तीन अलग-अलग भाषाओं में वह तीन फिल्मों - 120 बहादुर (हिंदी), तेलुसु कड़ा (तेलुगू) और अगाथिया (तमिल) में अलग-अलग किरदार में पसंद की गईं। करियर के इस पड़ाव पर राशि बहुत उत्साहित हैं।

**आप दिल्ली में पली-बढ़ी, मुंबई में करियर शुरू किया, अब हैदराबाद में सेटल हैं, तो इन अलग-अलग शहरों ने आपको कैसे गढ़ा?**
सच कहूं कि कभी-कभी मुझे लगता है कि मैं कौन हूं, क्योंकि मैं इतने किरदार निभाती हूं और वो किरदार करते हुए मैं वही बन जाती हूं। फिर वो तमिल हो, तेलुगू हो या हाल ही में मैंने पंजाबी, राजस्थानी, बंगाली किरदार किए तो मेरे मैनेजर बोलते हैं कि आप पैन इंडिया हैं (हंसती हैं)। मैं हैदराबाद में रहती हूं, तो यह शहर अब घर बन चुका है। दिल्ली और मुंबई मैं आती-जाती रहती हूं। मैं फूडी हूं और दिल्ली के खाने का कोई मुकाबला नहीं है। अच्छी बात ये है कि मेरी मम्मी साथ में रहती हैं तो वो दिल्ली वाले छोले भटूरे या कुल्चे छोले घर पर बना देती हैं। फिर भी, वेस्ट दिल्ली में एक ज्वाला हेरी मार्केट थी, जहां हम गोलगप्पे खाने जाते थे, तो वो टिक्की और गोलगप्पे अब भी याद आते हैं। मुंबई की सबसे अच्छी बात वहां की सेफ्टी है। वहां रात के 12 बजे भी ऑटो लेकर कहीं भी जा सकते हैं, घूम सकते हैं। मैं जब मुंबई में रहती थी तो ऑटो में बहुत घूमती थी। अब भी कभी-कभी ऑटो लेकर चली जाती हूं, मगर मेरे मैनेजर मना करते हैं। मुंबई की एक अच्छी बात यह भी है कि यहां सब अपने काम से मतलब रखते हैं।

**आपने बॉलीवुड फिल्म मद्रास कैफे से करियर शुरू किया था। फिर साउथ की ओर कैसे मुड़ीं? हिंदी में ही आगे बढ़ने का ख्याल नहीं आया?**
असल में, मैं फिल्में देखकर बड़ी नहीं हुई हूं। मेरी सिनेमा में कोई रुचि भी नहीं थी तो जब मैंने मद्रास कैफे की तो ये नहीं सोचा था कि अरे, मैं स्टार बनूंगी या मुझे स्टार बनना है। मुझे बस उस सेट पर काम करना अच्छा लगा तो धीरे-धीरे मैं और काम करती गई। मैंने तो यह भी सोचा था कि मद्रास कैफे के बाद अगर ढंग की फिल्म नहीं मिली तो मैं कुछ और कर लूंगी। लेकिन तभी मुझे मेरी पहली तेलुगू फिल्म मिली, जो बहुत सारे लोगों को अच्छी लगी। फिर मुझे काम मिलता गया और मैं करती गई। मैंने कभी ये सब सोचा ही नहीं कि हिंदी करना है या साउथ में करना है। ये चीजें आपके हाथ में होती भी नहीं हैं। होता वही है जो किस्मत में होता है तो मैं इन चीजों में सरेंडर करना पसंद करती हूं। मुझे जहां अच्छी फिल्में मिलेंगी, मैं करूंगी।

**आप बिना किसी फिल्मी कनेक्शन के यहां तक पहुंची हैं। एक आउटसाइडर होने का क्या खामियाजा महसूस हुआ?**
यह जरूरी नहीं है कि अगर आप इंडस्ट्री से हैं तो आपको काम मिलता ही रहेगा। हो सकता है कि थोड़े समय तक मिले, पर आगे बढ़ने के लिए आपमें टैलंट होना भी जरूरी है। ये सही है कि हम जैसे बाहर से आए एक्टर्स को थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है, पर मैं मेहनत से कभी नहीं डरी। मुझे पता था कि ये परिस्थितियां हैं, इनका मैं कुछ नहीं कर सकती। मेरे हाथ में सिर्फ मेरी मेहनत है। चाहे कोई फिल्म मुझे मिली या ना मिली, उसकी अलग-अलग वजहें होंगी, लेकिन मैंने खुद को कभी बेचारी या विक्टिम की तरह नहीं देखा। मैंने सिर्फ मेहनत की। रिजेक्शन भी मिला तो मैं समझती हूं कि ये बिजनेस है या उन्हें किसी और को फेवर करना है तो मैं बुरा नहीं मानती। मुझे लगता है कि जो आपकी किस्मत में है वो मिलना ही है। उसे आपसे कोई ले नहीं सकता।

**इंडस्ट्री में गैर-बराबरी को लेकर बहुत सी एक्ट्रेसेज ने खुलकर बोला है। आपका इस मामले में क्या अनुभव रहा है?**
हमारा समाज ही पितृसत्तात्मक है। इंडस्ट्री में भी हम थोड़ा हीरो वरशिप (हीरो की पूजा) करते हैं। इसलिए, उन्हें ज्यादा इज्जत मिलती है। हालांकि, अब चीजें बदल रही हैं, क्योंकि लड़कियां बोलने लगी हैं। फिर भी अभी पूरी तरह से नहीं बदली है तो निश्चित तौर पर सेट पर ट्रीटमेंट के मामले में एक्टर और एक्ट्रेस के बीच थोड़ा अंतर होता है, क्योंकि प्रोड्यूसर्स का कहना है कि जिसका बॉक्स ऑफिस पुल ज्यादा होगा, जो ज्यादा ऑडियंस लाएगा, उसे ज्यादा इज्जत मिलेगी। हो सकता है कि भविष्य में यह सोच बदले। उसमें वक्त लगेगा लेकिन चीजें बदलेंगी।

## सैमसंग इनोवेशन कैंपस: हैदराबाद के 450 युवाओं ने संवारा अपना और देश का डिजिटल भविष्य

**हैदराबाद:** भारत के कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की अग्रणी कंपनी, सैमसंग ने अपने महत्वाकांक्षी कौशल विकास अभियान सैमसंग इनोवेशन कैंपस (एसआईसी) के माध्यम से देश के युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। हैदराबाद स्थित एनएसआईसी (एनएसइाईसी) टेक्निकल सर्विस सेंटर में आयोजित एक गरिमापूर्ण दीक्षांत समारोह के दौरान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कोडिंग एवं प्रोग्रामिंग में महारत हासिल करने वाले 450 मेधावी छात्रों को समारोहपूर्वक प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। सैमसंग की यह पहल भारत में एक फ्यूचर-रेडी डिजिटल कार्यबल तैयार करने के उसके अटूट संकल्प को और अधिक सुदृढ़ करती है। सैमसंग इनोवेशन कैंपस दरअसल युवाओं को समकालीन उद्योग की जटिल ज़रूरतों के अनुरूप अत्याधुनिक तकनीकी कौशल से सुसज्जित करने का एक वैश्विक मंच है। यह कार्यक्रम न केवल व्यवस्थित प्रशिक्षण प्रदान करता है, बल्कि व्यावहारिक अनुभव और परिणाम-आधारित प्रोजेक्ट्स के माध्यम से छात्रों की व्यावसायिक सक्षमता को उस स्तर पर ले जाता है, जहाँ वे आज की प्रतिस्पर्धी डिजिटल अर्थव्यवस्था में अपनी एक अलग पहचान बना सकें।

**तकनीक और कौशल का नया संगम: हैदराबाद :** प्रमाणपत्र वितरण समारोह की शोभा बढ़ाते हुए एनएसआईसी हैदराबाद के सेंटर हेड, श्री राजीवनाथ ने सफल छात्रों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि भारत के डिजिटल कायाकल्प के विराट लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवाओं के कौशल विकास में निरंतर निवेश करना राष्ट्र निर्माण की दिशा में सबसे प्रभावी कदम है।

## सैमसंग सीईएस 2026 में C-Lab स्टार्टअप्स को करेगा प्रदर्शित

**गुरुग्राम:** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज घोषणा की कि वह सीईएस 2026—दुनिया की सबसे बड़ी कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी प्रदर्शनी—में अपने C-Lab कार्यक्रम के समर्थन वाले नए प्रोजेक्ट्स और स्टार्टअप्स को प्रदर्शित करेगा। यह प्रदर्शनी 6 से 9 जनवरी 2026 तक आयोजित होगी। इन स्टार्टअप्स के नवाचार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और डिजिटल हेल्थ जैसे क्षेत्रों में हैं। सीईएस 2026 में सैमसंग एक समर्पित C-Lab एग्ज़ीबिशन ज़ोन संचालित करेगा, जो वेनेशियन एक्सपो के यूरेका पार्क में स्थित होगा। यह क्षेत्र CES का स्टार्टअप हब है, जहां C-Lab से जुड़े स्टार्टअप्स अपनी नवीन तकनीकों को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेंगे। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के क्रिएटिविटी एंड इनोवेशन सेंटर के वाइस प्रेसिडेंट और प्रमुख ब्युंग चुल ली ने कहा, सीईएस, C-Lab स्टार्टअप्स के लिए नवाचार को परखने और वैश्विक विकास को गति देने का एक अहम मंच है। इस वर्ष क्षेत्रीय स्टार्टअप्स की बढ़ी भागीदारी C-Lab इकोसिस्टम के निरंतर विस्तार को दर्शाती है। C-Lab आउटसाइड: 15 स्टार्टअप्स जिनमें एआई, रोबोटिक्स और डिजिटल हेल्थ शामिल हैं इस साल C-Lab में 15 स्टार्टअप्स को प्रदर्शित किया जाएगा। इनमें सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के C-Lab आउटसाइड प्रोग्राम द्वारा सीधे तौर पर तैयार किए गए आठ स्टार्टअप, सैमसंग फइनेंशियल नेटवर्क्स द्वारा संचालित सैमसंग फइनेंशियल C-Lab आउटसाइड के चार स्टार्टअप, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के आंतरिक वेंचर प्रोग्राम C-Lab इनसाइड के दो स्टार्टअप और एक ऐसा स्टार्टअप शामिल है जिसे सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स और डेगू क्रिएटिव इकोनॉमी इनोवेशन सेंटर ने मिलकर तैयार किया है।

**समावेशी विकास और सशक्त भारत का निर्माण :** हैदराबाद का यह कार्यक्रम सैमसंग की उस व्यापक सामाजिक प्रतिबद्धता का अभिन्न अंग है।

## फिर ताबड़तोड़ फायरिंग से 6 लोगों की मौत

**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिका के मिसिसिपी राज्य में सामूहिक गोलीबारी की एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां 24 साल के एक युवक ने पारिवारिक कलह और गुस्से में आकर ग्रामीण इलाके की तीन अलग-अलग जगहों पर अंधाधुंध फायरिंग की जिसमें उसके मासूम बच्चे और एक चर्च पादरी समेत 6 लोगों की मौत हो गई। पुलिस जांच के अनुसार आरोपी डैरिका एम मूर ने बेहद सोची-समझी साजिश के तहत एक के बाद एक तीन वारदातों को अंजाम दिया : पहला हमला (घर पर) : सबसे पहले मूर ने पश्चिमी क्ले काउंटी स्थित अपने घर पर पिता (67), भाई (33) और चाचा (55) की गोली मारकर हत्या कर दी। दूसरा हमला (चचेरे भाई का घर) : इसके बाद वह अपने भाई का ट्रक चुराकर कुछ मील दूर चचेरे भाई के घर पहुंचा। वहां उसने जबरदस्ती घुसकर यौन उत्पीड़न की कोशिश की और अंत में एक 7 साल की मासूम बच्ची के सिर पर बंदूक रखकर उसे गोली मार दी। तीसरा हमला (चर्च) : अंत में आरोपी 'द एपोस्टोलिक चर्च ऑफ द लॉर्ड जीसस' पहुंचा। वहां उसने चर्च के पादरी और उनके भाई को मौत के घाट उतार दिया और उनकी गाड़ी लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। आरोपी को सेडरब्लफ इलाके में एक पुलिस नाके पर दबोच लिया गया। गिरफ्तारी के वक्त उसके पास से एक राइफल और एक हैंडगन बरामद हुई है।

## आईसीई के विरोध में सड़कों पर उतरा कैलिफोर्निया

**लॉस एंजिल्स, एजेंसी।**
अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में कई शहरों में इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) के खिलाफ बड़े स्तर पर प्रदर्शन हुए। राजधानी सैक्रामेंटो से लेकर सोनोरा शहर तक और सैन फ्रांसिस्को से लॉस एंजिल्स तक लोगों ने सड़कों पर उतरकर विरोध जताया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार इन प्रदर्शनों को 'आईसीई आउट फॉर गुड' नाम दिया गया था। इनका आयोजन कई संगठनों ने मिलकर किया था, जिनमें अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन और 50501 मूवमेंट शामिल थे। सिन्हुआ के अनुसार इन्होंने पिछले साल लगभग हर महीने अमेरिका के सभी 50 राज्यों में बड़े प्रदर्शन कराए थे। लॉस एंजिल्स के पास स्थित पासाडेना शहर में सिटी हॉल के पास करीब 500 लोग इकट्ठा हुए। लोग कार के हॉर्न और तालियों के साथ विरोध जता रहे थे। प्रदर्शनकारी नारे लगा रहे थे- 'नो आईसीई, नो केकेके, नो फासीवादी अमेरिका।'

50501 मूवमेंट की ओर से शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया कि साल 2025 में अब तक आईसीई की हिरासत में कम से कम 32 लोगों की मौत हो चुकी है।

शनिवार को हुए ये प्रदर्शन दो हालिया घटनाओं के बाद हुए। पहली घटना मिनियापोलिस की है, जहां एक संघीय अधिकारी ने 37 साल की तीन बच्चों की मां



रेनी गुड को गोली मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। दूसरी घटना ओरेगन के पोर्टलैंड शहर की है, जहां एक अधिकारी ने गोली चलाकर दो लोगों को घायल कर दिया। प्रदर्शन में शामिल सामाजिक कार्यकर्ता डायस एलन ने सिन्हुआ से कहा कि हम यहां यह बताने के लिए हैं कि इस देश को खुद को बदलने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस विरोध में शामिल हों। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन एक निर्दोष महिला की मौत पर शोक जताने के लिए भी है, जिसने एक मकसद के लिए अपनी जान गंवाई।

ऑस्ट्रेलिया से आई एक प्रवासी महिला प्रदर्शनकारी जेनी ने बताया कि उन्होंने मिनियापोलिस की घटना से जुड़े कई वीडियो देखे हैं। उन्होंने कहा कि आईसीई आम लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बन चुका है और यह सभी प्रवासियों के लिए डर की वजह है।

जेनी का कहना था, 'आईसीई को सड़कों से हटाया जाना चाहिए। यह एजेंसी अमेरिका के संविधान के अनुसार काम नहीं कर रही है और 14वें संशोधन समेत कई संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन कर रही है। देश में रहने वाले हर व्यक्ति के संवैधानिक अधिकारों की गारंटी होनी चाहिए।

## ड्रोन हमलों से बचने रूस ने उतारा 'डैंडेलियन टैंक'

### ● दिखने में है अजीब; खासियत है लाजवाब

**मास्को एजेंसी।** यूक्रेन युद्ध में ड्रोन सबसे बड़ा खतरा बन चुके हैं। इन्हीं से बचने के लिए रूस लगातार नए और अजीब दिखने वाले टैंक



सुरक्षा उपाय आजमा रहा है। पहले 'टर्टलटैंक' और 'हेरीटैंक' आए, जिनका मजाक भी उड़ा।

अब रूस ने एक नया डिजाइन पेश किया है, जिसे 'डैंडेलियनटैंक' कहा जा रहा है। दिखने में भले ही यह अटपटा लगे, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि यह ड्रोन से बचाव में फिलहाल सबसे असरदार तरीका हो सकता है।

ड्रोन से बचाव के लिए 'डैंडेलियन आर्मर'

रूस के इस नए टैंक कवच को रूसी भाषा में 'ओदुवानचिक' यानी डैंडेलियन कहा गया है। इसमें लचीली धातु की छड़ें पेड़ की शाखाओं की तरह कई परतों में फैली होती हैं। इनके बीच मजबूत जाली लगाई गई है, जिससे टैंक के चारों ओर एक तीन-आयामी सुरक्षा घेरा बन जाता है।

अगर कोई विस्फोटक से लैस एफपीवी ड्रोन टैंक की ओर आता है, तो ये छड़ें उसे टैंक से कुछ दूरी पर ही विस्फोट करने पर मजबूर कर सकती हैं। ड्रोन जितनी दूर फटता है, टैंक को उतना कम नुकसान होता है।

यह डिजाइन पिछले साल इस्तेमाल किए गए 'हेजहॉगआर्मर' का उन्नत रूप है, जिसमें झाड़ू जैसी मोटी छड़ें वाहन से बाहर निकली होती थीं। पहले रूस और बाद में यूक्रेन ने भी इस तरह की सुरक्षा अपनाई थी।

सैन्य विश्लेषक डेविड ऐक्स के मुताबिक, अगर डैंडेलियन आर्मर को टी-90 टैंक के मूल कवच, विस्फोटक रिएक्टिव आर्मर और धातु के पिंजरों के साथ जोड़ा जाए तो यह फिलहाल उपलब्ध सबसे अच्छी पैसिव एंटी-ड्रोन सुरक्षा बन सकती है।

यूक्रेन-रूस हथियार विशेषज्ञ डेविड किरीचेंको का कहना है कि मोर्चे पर जो भी प्रयोग सैनिकों की जान बचा सकता है, वह करने लायक है। उन्होंने बताया कि पहले यूक्रेनी सैनिक रूसी टैंकों पर लगे पिंजरों का मजाक उड़ाते थे, लेकिन अब वे खुद भी इसी तरह की सुरक्षा अपना रहे हैं। हाल ही में यूक्रेन की एक बख्तरबंद गाड़ी पर डैंडेलियन जैसी संरचना, बालों जैसे ब्रिसल और जंजीरों से लटकी धातु की प्लेटें देखी गईं।


हालांकि यह कवच पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। अतिरिक्त धातु से टैंक का वजन बढ़ जाता है, जिससे उसकी रफ्तार कम हो जाती है और वह ड्रोन के लिए आसान निशाना बन सकता है। इसके अलावा, यूक्रेन ड्रोन को टैंकों के नीचे उड़ाकर हमला करने में ज्यादा कुशल हो रहा है, जहां कवच सबसे कमजोर होता है। एफपीवी ड्रोन से रास्ते में माइंस गिराने की रणनीति भी अपनाई जा रही है। यूक्रेनी हथियार विश्लेषक वलेरी रियाबिख ने कहा कि यह सुरक्षा पारंपरिक हथियारों, खासकर सटीक आर्टिलरी गोलों के खिलाफ बेअसर है। ड्रोन के खिलाफ यह कुछ समय तक काम कर सकती है, लेकिन जैसे ही विरोधी इसका तोड़ ढूंढ लेगा, इसका फायदा खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध में हर सुरक्षा उपाय अस्थायी होता है।

रूस ने हाल ही में एक नया छलावरण जाल भी पेश किया है, जो टूटे ईंट-पत्थरों जैसा दिखता है। इसका इस्तेमाल तोपों और सैनिक ठिकानों को ड्रोन से छिपाने के लिए किया जा रहा है। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि एआई और इमेज प्रोसेसिंग से लैस ड्रोन जल्द ही ऐसे जाल को पहचान लेंगे। इसके अलावा, रूस ने ड्रोन से बचने के लिए आम वैन और ट्रकों पर बड़े घूमते पंखे लगाने का पेटेंट भी कराया है, हालांकि विश्लेषकों का कहना है कि यह तरीका ज्यादा कारगर नहीं है। विशेषज्ञों के मुताबिक, चाहे उपाय कितना भी साधारण क्यों न हो, अगर वह थोड़ी देर के लिए भी सुरक्षा दे देता है, तो वह कीमती समय खरीद सकता है और आधुनिक युद्ध में समय ही सबसे बड़ी ताकत है।

## निकोलस मादुरो ने अमेरिकी हिरासत से बेटे को भेजा संदेश

### मैं योद्धा हूं, तुम उदास मत होना





**वॉशिंगटन, एजेंसी।** वेनेजुएला के सांसद निकोलस मादुरो ग्वेरा ने कहा कि उनके पिता राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने अपने वकीलों के जरिए संदेश भेजा है। इसमें कहा गया है कि वह ठीक हैं और अमेरिकी हिरासत में होने के बावजूद मजबूत बने हुए हैं। ग्वेरा ने वेनेजुएला की सत्ताधारी यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी के नेताओं को संबोधित किया, 'वकीलों ने हमें बताया कि वे मजबूत हैं और हमें उदास नहीं होना चाहिए।' उन्होंने बताया पिता ने संदेश में कहा है, 'हम लोग ठीक हैं। मैं योद्धा हूं।'

राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस, फिलहाल अमेरिका में हैं। अमेरिकी सेना ने 3 जनवरी को राजधानी काराकस और अन्य शहरों में सैन्य अभियान चलाकर उन्हें अगवा कर लिया था। इन हमलों की दुनिया भर में निंदा की गई और चिंता जताई गई है। ग्वेरा ने कहा कि उनके पिता टूटे नहीं हैं, साथ में यह भी जोड़ा कि सरकार और उसके समर्थक एकजुट हैं और मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने कहा, 'शाविज्मो (पूर्व राष्ट्रपति ह्यूगो शावेज की विचारधारा) की ताकत एकता में है। चाहे कुछ भी हो जाए, हमें एकजुट रहना होगा।' वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने शनिवार को मादुरो और उनकी पत्नी की वापसी सुनिश्चित करने का वादा किया। मिरांडा राज्य में एक सामुदायिक कार्यक्रम में बोलते हुए रोड्रिग्ज ने कहा कि वेनेजुएला के नेतृत्व या शासन कार्यक्रम के बारे में कोई अनिश्चितता नहीं है। उन्होंने कहा, 'यहां कोई अनिश्चितता नहीं है। वेनेजुएला के लोग ही सब कुछ संभाल रहे हैं। यहां एक सरकार है, जो राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की है।' कार्यवाहक राष्ट्रपति ने शांति, स्थिरता और देश के भविष्य की गारंटी के लिए एकता बनाए रखने की अपील की।

## लश्कर का नंबर 2 आतंकी स्कूल में भाषण दे रहा, भारत के खिलाफ जहर उगला

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
लश्कर-ए-तैयबा के उप प्रमुख और पहलगाम आतंकी हमले के मास्टरमाइंड सैफुल्लाह कसूरी का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वह पाकिस्तानी सेना के साथ अपने संगठन के गहरे संबंधों को खुलासा कर रहा है। कसूरी ने कहा कि पाकिस्तानी सेना उसे अपने सैनिकों की अंतिम यात्रा में जनाजे की नमाज पढ़ाने के लिए आमंत्रित करती है। यह वीडियो किस समय का है, तारीख अभी मालूम नहीं चली। इसमें वह स्कूल के बच्चों को भाषण देता नजर आ रहा है। हालांकि, खुफिया स्रोतों ने इस वीडियो की सत्यता की पुष्टि कर दी है।



सैफुल्लाह कसूरी ने दावा किया, 'पाकिस्तान की सेना मुझे जनाजे की नमाज पढ़ाने के लिए बुलाती है। क्या तुम्हें पता है कि भारत भी मुझसे डरता है?' यह खुलासा पाकिस्तान की ओर से राज्य प्रायोजित आतंकवाद के भारत के लंबे समय से चले आ रहे आरोपों को मजबूती देता है। यह घटना किसी सभ्य समाज में अकल्पनीय है कि एक आतंकी संगठन का दूसरा सबसे बड़ा नेता बच्चों के स्कूल में जाकर युवा दिमागों को प्रभावित करे। पहलगाम हमले में 26 पर्यटकों की हत्या के लिए जिम्मेदार लश्कर ने पाकिस्तानी सेना के साथ मिलकर काम किया, जैसा कि 1999 के कारगिल युद्ध में भी देखा गया था।

### आतंक का निर्यात करने में जुटा पाकिस्तान

ऑपरेशन सिंदूर के छह महीने बाद पाकिस्तान समर्थित लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद ने जम्मू-कश्मीर में नए हमलों की तैयारी की थी, जिसे नई दिल्ली ने गंभीर चेतावनी करार दिया। एनडीटीवी की रिपोर्ट में यह बताया गया है। ऑपरेशन सिंदूर अप्रैल 2025 के पहलगाम हमले के जवाब में शुरू हुआ था, जो आतंकी ढांचे को नष्ट करने का भारतीय अभियान था। अगर इसी तरह पाकिस्तान की ओर से आतंक का निर्यात जारी रहा तो इसकी नई फेज शुरू हो सकती है। यह भारत ही नहीं, दुनिया भर के लिए चिंता की बात है। ताजा वीडियो से पाकिस्तान की थू-थू हो रही है, लेकिन वैश्विक स्तर पर उसके खिलाफ सख्त ऐक्शन लेना होगा।

### न्यायाधीश ने ट्रंप पर क्या टिप्पणी की

## ट्रंप को झटका : कोर्ट ने वाशिंगटन और ओरेगन में मतदान संबंधी आदेश रोका

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका में चुनावी प्रक्रिया को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक बड़ा कानूनी झटका लगा है। एक संघीय अदालत ने वाशिंगटन और ओरेगन में डाक द्वारा मतदान से जुड़े ट्रंप प्रशासन के कार्यकारी आदेश के अधिकांश प्रावधानों पर रोक लगा दी है। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब ट्रंप प्रशासन मतदान नियमों को सख्त करने की कोशिशों में जुटा हुआ था।

सिएटल स्थित अमेरिकी जिला न्यायाधीश जॉन एच. चुन ने साफ कहा कि राष्ट्रपति को चुनावों को नियंत्रित करने का अधिकार नहीं है। ट्रंप प्रशासन नागरिकता का दस्तावेजी प्रमाण अनिवार्य करना चाहता था। सभी मतपत्रों को चुनाव दिवस तक प्राप्त करने की शर्त रखी गई थी। अदालत ने माना कि ये प्रावधान राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं। जज ने अपने आदेश में कहा कि चुनावों को विनियमित करने का अधिकार केवल राज्यों और कांग्रेस के पास है। संविधान शक्तियों के पृथक्करण की बात करता है। कोई भी राष्ट्रपति एकतरफा चुनाव नियम तय नहीं कर सकता। अदालत ने कहा कि ऐसे आदेश लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ हैं। वाशिंगटन और ओरेगन ने अलग-अलग मुकदमा दायर किया। दोनों राज्य केवल डाक द्वारा मतदान प्रणाली अपनाते हैं। उनका कहना था कि कार्यकारी आदेश से उन्हें सीधा और विशेष नुकसान होता। इससे पहले 19 राज्यों ने मैसाचुसेट्स में इसी तरह का केस दायर किया था, जिसमें भी ट्रंप को झटका लगा था। एक अन्य मामले में संघीय जज अरुण सुब्रमण्यन ने ट्रंप प्रशासन को फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि बच्चों की देखभाल और जरूरतमंद परिवारों से जुड़े कार्यक्रमों की फंडिंग नहीं रोकी जा सकती।

## एम्स रायपुर में चार महीनों में 100 से अधिक रोबोटिक सर्जरी की गई

**रायपुर।** एम्स रायपुर में रोबोटिक प्रोग्राम शुरू होने के 4 महीनों में ही 100 रोबोटिक असिस्टेड सर्जरी पूरी कर ली गई हैं। यह मध्य भारत में एडवांस्ड सर्जिकल केयर के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस उपलब्धि में मजबूत सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण से काफी मदद मिली है। 5 सर्जन को दा विंची प्लेटफॉर्म में प्रशिक्षित किया गया। सिमुलेशन मोड्स 24/7 उपलब्ध रहे। सेंटर में नेफ्रेक्टोमी, सिस्टेक्टोमी, हेमिकोलेक्टोमी, प्रोस्टेटेक्टोमी, पायलोप्लास्टी, हर्निया रिपेयर, गैस्ट्रेक्टोमी, हिस्टरेक्टोमी जैसी प्रक्रियाएं पहले ही की जा चुकी हैं, जिससे तीव्र एडॉप्शन और बढ़ती क्लिनिकल क्षमता प्रदर्शित होती है।

डॉ. अशोक जिंदल, एग्ज़िक्यूटिव डायरेक्टर, एम्स, रायपुर ने कहा, "बहुत कम समय में 100 रोबोटिक सर्जरी पूरी करने से प्रशिक्षण को लेकर टीम का अनुशासित दृष्टिकोण प्रदर्शित होता है। हम स्थिर और उच्च गुणवत्ता की केयर प्रदान करने पर केंद्रित हैं। हमारा लक्ष्य मरीजों तक इस टेक्नोलॉजी का लाभ पहुँचाना है। यहाँ पर हम यह होता हुआ देख रहे हैं। छोटे चीरे, कम दर्द और कम खून निकलने के कारण मरीजों को अस्पताल में कम समय रुकना पड़ता है और वो तेजी से स्वस्थ होते हैं। इससे मरीजों को इलाज का बेहतर अनुभव प्राप्त होता है और टेक्नोलॉजी के सुरक्षित एवं प्रभावशाली एडॉप्शन के लिए एक मजबूत और सहयोगपूर्ण परिवेश का महत्व प्रदर्शित होता है।"

एम्स रायपुर में रोबोटिक असिस्टेड सर्जरी प्रोग्राम इस साल अगस्त में शुरू हुआ था। यह टेक्नोलॉजी पेश करने वाला यह मध्य भारत का पहला सरकारी हॉस्पिटल है। इस प्रोग्राम का उद्देश्य छत्तीसगढ़ और पड़ोसी राज्यों के मरीजों के लिए मिनिमली इन्वेज़िव केयर की उपलब्धता बढ़ाना है। इसके लिए डॉ. देबज्योति मोहंती (जनरल सर्जरी विभाग), डॉ. अमित शर्मा (यूरोलॉजी विभाग), डॉ. सरिता अग्रवाल (गायनेकोलॉजी एवं ऑब्सटेट्रिक्स विभाग) तथा डॉ. सुब्रता सिंघ (एनेस्थेसिया विभाग) और संपूर्ण एम्स रोबोटिक टीम के सहयोग से सर्जन प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक विकास का मार्ग तैयार किया गया है।"

डॉ. देबज्योति मोहंती, प्रोफेसर एवं हेड, जनरल सर्जरी, एम्स रायपुर ने कहा, "यह उपलब्धि रोबोटिक असिस्टेड सर्जरी में एम्स रायपुर की बढ़ती क्षमता प्रदर्शित करती है।

बेहतर ऑपरेटिंग एफिशियंसी की मदद से हम हर दिन ज्यादा मरीजों को संभाल पा रहे हैं। खासकर जनरल सर्जरी के लिए मरीजों का वेटिंग टाईम कम हुआ है तथा छत्तीसगढ़ और पड़ोसी राज्यों में एडवांस्ड रोबोटिक केयर की उपलब्धता बढ़ी है।"

## कोका-कोला 12 साल बाद भारत लेकर आया प्रतिष्ठित फीफा वर्ल्ड कप™ ट्रॉफी

**नई दिल्ली:** फीफा वर्ल्ड कपञ्ज की ओरिजनल ट्रॉफी फीफा वर्ल्ड कपञ्ज ट्रॉफी टूर बाय कोका कोला के तहत भारत पहुंच गई है। फीफा वर्ल्ड कप 2026ञ्ज से पहले, यह ट्रॉफी 12 सालों के लंबे इंतजार के बाद भारत आई है। ट्रॉफी टूर के विशेष साझेदार के रूप में, कोका-कोला ने फुटबॉल के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे संबंध को जारी रखा है और कंपनी दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित खेल प्रतीकों में से एक को भारतीय प्रशंसकों के करीब ला रही है। इस टूर की शुरुआत फीफा चार्टर लैंडिंग से हुई, जिसके बाद ओरिजनल फीफा वर्ल्ड कपञ्ज ट्रॉफी का आधिकारिक अनावरण दिल्ली के ताज महल होटल, मान सिंह रोड में किया गया। अनावरण समारोह में माननीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया; पूर्व ब्राजीलियाई विश्व कप विजेता खिलाड़ी, फीफा लीजेंड गिल्बर्टो डी सिल्वा; खेल इतिहासकार और लेखक, बोरिया मजुमदार; और कोका-कोला के नेतृत्व से संकेत रे, प्रेसिडेंट, कोका-कोला इंडिया और साउथवेस्ट एशिया; ग्रिश्मा सिंह, उपाध्यक्ष, मार्केटिंग, कोका-कोला इंडिया और साउथवेस्ट एशिया; और देवयानी राणा, वाइस प्रेसिडेंट, पब्लिक अफेयर्स, कम्युनिकेशंस, और सस्टेनेबिलिटी, कोका-कोला इंडिया और साउथवेस्ट एशिया उपस्थित थे। इस मौके पर, माननीय केंद्रीय युवा मामलों के और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में, खेल अब देश की बड़ी प्राथमिकता बन गया है। हम मानते हैं कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और अच्छे चरित्र बनाने का एक मजबूत तरीका है। फीफा वर्ल्ड कप™ ट्रॉफी टूर 2047 तक भारत को दुनिया के पाँच सबसे अच्छे खेल देशों में शामिल करने की हमारी महत्वाकांक्षा को मजबूती से दिखाता है। जैसे-जैसे भारत 2047 तक विकसित देश बनने की राह पर आगे बढ़ रहा है, खेल राष्ट्र बनाने और युवाओं को सशक्त करने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। संकेत रे, प्रेसिडेंट, कोका-कोला इंडिया और साउथवेस्ट एशिया ने कहा, भारत में खेल आज एक निर्णायक दौर में प्रवेश कर रहे हैं, जिसकी पहचान व्यापक जन-भागीदारी, सुदृढ़ बुनियादी ढांचे और वैश्विक स्तर पर बढ़ती सक्रियता से हो रही है। यह प्रगति सरकार की उन निरंतर पहलों का परिणाम है, जो देश भर में खेल सुविधाओं की पहुंच और स्थानीय स्तर पर जुड़ाव को मज़बूत कर रही हैं।

# खबर-खास

## भिलाई की छात्रा कु. कविता साहू को राष्ट्रपति महामहिम श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रपति भवन में आने का मिला आमंत्रण




**पाटन ( समय दर्शन )।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, वैशाली नगर - भिलाई की छात्रा कु. कविता साहू को राष्ट्रपति महामहिम श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रपति भवन में आने का निमंत्रण प्राप्त हुआ है। स्कूल इनोवेशन मेराथन में शाला की अटल टिंकरिंग प्रभारी श्रीमती रीतू हांडा के मार्गदर्शन में शाला की अंजलि चौहान व कविता साहू द्वारा बनाये गए मॉडल का चयन देशभर से आए इनोवेटिव आईडिया में टॉप 10 में चयन हुआ। नीति आयोग, डेल टेक्नॉलॉजीस् व लर्निंग लिंक फाउंडेशन द्वारा बेंगलुरु में आयोजित चार दिवसीय इंटर्नशिप में छात्राओं का मॉडल प्रदर्शित हुआ। शाला की प्राचार्य श्रीमती संगीत सिंह बघेल व शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष श्री आलोक जैन ने पूरी टीम को बधाई दी।

## खुड़मुड़ा के ऐश्वर्या एवं बरखा ने 20वीं राष्ट्रीय मतसोगी डो में राष्ट्रीय स्तर पर दुसरा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन किया



**पाटन ( समय दर्शन )।** नगरपालिका परिषद अमलेश्वर क्षेत्रांतर्गत खुड़मुड़ा वार्ड क्रमांक 07 से 20 वी राष्ट्रीय मत्सोगी, डो मार्शल आर्ट प्रतियोगिता? में राज्य जम्मू टु कश्मीर में दिनांक 28 से 31 दिसम्बर 2025 तक राष्ट्रीय एसोसिएशन के तत्वाधान में कु.ऐश्वर्या यादव पिता श्रीमान मन्नु लाल यादव 19+ से 48+ से 52+ वेट खेल में और कु.बरखा यादव पिता श्रीमान ईश्वरी यादव19+ वेट से 52+ 57+ वेट खेल में से दोनों खिलाड़ियों ने दुसरा स्थान प्राप्त किया है और हमारे वार्ड ,हमारे गांव एवं क्षेत्र नमा रौशन किया है। यह दोनों बालिकाएं नारी सशक्तिकरण का बेमिसाल एवं प्रेरणास्त्रोत हैं।

## सेलूद में मानस गान स्पर्धा 1 से 3 फरवरी को, मड़ाई मेला का भी होगा आयोजन

**पाटन ( समय दर्शन )।** ग्राम सेलूद में दिनांक 01,02 एवं 03 फरवरी को त्रिदिवसीय सस्वर मानस गायन प्रतियोगिता 31 वां वर्ष तथा दिनांक 03 फरवरी को मंडाई मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शुभारंभ, दीप प्रज्वलित समारोह दिनांक 01 फरवरी 2026 रविवार मुख्य अतिथि -मान. भूपेश बघेल, (पूर्व मुख्यमंत्री छ.ग.शासन) विधायक पाटन अध्यक्षता देवेंद्र चंद्रवंशी (सदस्य जिला पंचायत दुर्ग) विशेष अतिथि - खिलेश मारकंडे (सरपंच सेलूद) राकेश साहू जी (उपसरपंच सेलूद) सुरेन्द्र बंछोर (ग्रामसभा प्रमुख) समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 03 फरवरी 2026 मंगलवार मुख्य अतिथि - गजेन्द्र यादव (मंत्री, स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग विधी एवं विधायी कार्य छ.ग. शासन) अध्यक्षता - विजय बघेल (सांसद दुर्ग लोकसभा) विशेष अतिथि - श्रीमती कीर्ति नायक जी (अध्यक्ष, जनपद पंचायत पाटन) खिलेश मारकंडे जी (सरपंच सेलूद) राकेश साहू (उपसरपंच सेलूद) सुरेन्द्र बंछोर (ग्रामसभा प्रमुख) 03 फरवरी मंगलवार को मंडाई एवं रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक सिरजन डौंडीलोहारा, जिला बालोद का आयोजन रखा गया है।

## पुलिस अधीक्षक का सख्त कार्यवाही अपने कर्तव्य के प्रति अनुशासनहीनता करते पाए जाने पर तीन कर्मचारियों को किया निलंबित

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** 5 से 10 जनवरी तक ग्राम उरमाल थाना देवभोग में आयोजक समिति उरमाल द्वारा रात्रि अपेरा नृत्य संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। *अपेरा* कार्यक्रम में आये नर्तकियों के द्वारा अशोभनीय इशारे करते हुए नृत्य कर रही थी। उक्त कार्यक्रम के आयोजन से जनमानस व समाज में महिलाओं के प्रति विपरीत प्रभाव पड़ने से इंकार नहीं किया जा सकता। तद्नुसार प्रार्थी तुलेश्वर यादव पिता पिताम्बर यादव उम्र 27 साल ग्राम कुम्हडाईकला थाना देवभोग के लिखित शिकायत आवेदन पर थाना देवभोग जिला गरियायबंद में आरोपी देवेन्द्र राजपुत, गोविन्द देवांगन, नरेन्द्र साहू, हसन डाडा व अन्य व्यक्तियों साकिन उरमाल थाना देवभोग के विरूद्ध थाना देवभोग में दिनांक 10.01.2026 को अपराध क्रमांक 18/2026 धारा 296, 3 (5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

उक्त कार्यक्रम में प्र.आर. 366 डिलोचन रावटे, आरक्षक क्रमांक 143 शुभम चौहान तथा आरक्षक क्रमांक 438 जय कंसारी थाना देवभोग की भी शामिल होने की जानकारी प्राप्त हुई है। उक्त कार्यक्रम में चल रहे अश्लीलता के संबंध में कर्मचारियों का कर्तव्य था कि थाना को सूचित करे किंतु उक्त कर्मचारियों के द्वारा कर्तव्य विमुखता का परिचय देते हुए कार्यक्रम में शामिल रहकर विभागीय छवि को धूमिल किया किया गया।

# पढ़ाई और मेहनत से ही युवा अपने भविष्य को सुरक्षित रखेंगे और कैरियर में सफल होंगे : कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे

### राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति एवं सामाजिक जागरूकता का आयोजन

**सारंगढ़ बिलाईगढ़, ( समय दर्शन )।** स्वामी विवेकानंद जी के जयंती पर्व में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सारंगढ़ ब्लॉक के हायर सेकेंडरी स्कूल हरदी में महिला बाल विकास विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के सयुंक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति एवं सामाजिक जागरूकता को लेकर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नशा मुक्त समाज के प्रचार-प्रसार हेतु रंगोली प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर



डॉ. संजय कन्नौजे ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमुदाय को नशा मुक्ति एवं बाल विवाह रोकथाम को लेकर शपथ दिलाई। विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों द्वारा केक तैयार किया गया, वहीं विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रंगोलियों का कलेक्टर ने अवलोकन किया। नशा मुक्ति जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत भारत माता वाहिनी के वाहन को कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के उपलक्ष्य में बनाए गए सेल्फी फ्रेम पर ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सेल्फी लेते हुए सहभागिता निभाई। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी को समर्पित है। युवा ही देश का वर्तमान और भविष्य हैं। कक्षा 10वीं, 11वीं, 12वीं और कॉलेज का समय जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दौर है। यदि इस समय मेहनत और अनुशासन के साथ लक्ष्य पर ध्यान दिया जाए तो भविष्य निश्चित रूप से सुरक्षित और सफल बनता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को मेहनत, समय के महत्व को समझने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर ने सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गुरुदेव सोहनलाल बापजी के समाधि दिवस पर दर्शन के लिए जुटे श्रद्धालु



**दुर्ग ( समय दश्रन )।** श्री रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर पुलगांव नाका में सोमवार को चालीसगांव (महाराष्ट्र) के संत गुरुदेव सोहनलाल बापजी का 25वां समाधि दिवस पूरे आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दरबार में सुबह से दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। सुबह महाआरती की गई। इस दौरान भजन-कीर्तन की धुन में श्रद्धालुओं ने नाच-गाकर अपनी श्रद्धा-भक्ति प्रकट की। दरबार में दर्शन के लिए जनप्रतिनिधि भी पहुंचे। पूर्व विधायक अरुण वोरा, शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, पूर्व पार्षद ऋषभ जैन (बाबू), श्री साई मंदिर समिति अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, सुजीत गुप्ता, सुरेश साहू के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के प्रमुखों ने गुरुदेव सोहनलाल बापजी की शिष्या भक्तमाता शांतादेवी बापजी के दर्शन कर शहरवासियों की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। दोपहर बाद महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया गया। महाप्रसादी ग्रहण कर श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस दौरान श्री रामदेव बाबा दरबार समिति के सदस्य सुश्री पायल जैन, मनीष जैन, गौरव बजाज, प्रवीण पींचा, गौरव पींचा, गोविंद बजाज, संतोष छाजेड़, आशीष सोनी, दिनेश रुपारेल, राकेश धाड़ीवाल,गौतम धाड़ीवाल, प्रशांत शर्मा,पंकज शर्मा, बंटी पारख, महावीर बाफना, मनीष छाजेड़, नरेश भंडारी, निर्मल रुपारेल, संजू पुरोहित, मोंटी सोनी, गूंजा पींचा के अलावा अन्य सदस्य व्यवस्था बनाने में जुटे रहे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी आत्मानंद स्कूल गरियाबंद में भाषण, रंगोली एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन

### प्रतियोगिता विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित




**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जिला प्रशासन,खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी 2026 को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, गरियाबंद में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया ।कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से परिचित कराना एवं उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात करने हेतु प्रेरित करना रहा ।इस अवसर पर भाषण, रंगोली एवं काव्य पाठ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष रिखीराम यादव,पार्षद रेनुका साहू एवं मधु देवांगन सहित वरिष्ठ नागरिक केके निर्मलकर उपस्थित रहे।

प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता आत्मविश्वास एवं प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया ।उक्त विधाओं में भाषण में प्रथम स्थान भावेष साहू,द्वितीय नीलिमा सिन्हा एवं तृतीय सौरभ सोनी, रंगोली में प्रथम स्थान तारणी यादव,द्वितीय कल्पना यादव एवं तृतीय इंद्राणी इसी प्रकार काव्य पाठ में प्रथम स्थान विद्या पटेल,द्वितीय प्रणय साहू एवं तृतीय कल्याणी निषाद रही ।सभी विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने कहा कि युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं।

यदि युवा सही दिशा में आगे बढ़ें तो देश प्रगति के शिखर पर पहुंच सकता है ।स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को आत्मविश्वास साहस,परिश्रम और चरित्र निर्माण का संदेश दिया ।उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर ब्लॉक नोडल गरियाबंद संजीव साहू,गिरीश शर्मा,प्रभारी शिक्षक एवं व्यायाम शिक्षक सहित बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

# मोदी सरकार मनरेगा का फंड काट-काट कर खत्म करने की साजिश कर रही है- रूद्र कुमार




**कवर्धा ( समय दर्शन )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी एवं पूर्व मंत्री गुरु रुद्र कुमार जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम द्वारा आयोजित मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के अंतर्गत हुई पत्रकार वार्ता ली। श्री गुरु ने मोदी सरकार पर मनरेगा को योजनाबद्ध तरीके से खत्म करने का गंभीर आरोप भी लगाया।

पूर्व मंत्री श्री गुरु ने कहा कि मनरेगा एक केंद्रीय कानून था, जिसमें पहले 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार द्वारा दी जाती थी, लेकिन अब केंद्र ने अपनी जिम्मेदारी से भागते हुए इसे 60-40 में बदल दिया है। इतना ही नहीं, पहले राज्य को 50 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी, तभी केंद्र पैसा जारी करेगा।

यह व्यवस्था जानबूझकर बनाई गई है ताकि कमजोर आर्थिक स्थिति वाले राज्य मजदूरों को काम ही न दें। उन्होंने कहा कि इस फैसले का सीधा मतलब हैकृमनरेगा को धीरे-धीरे बंद करना। जैसे-जैसे राज्यों पर बजट का बोझ बढ़ेगा, वैसे-वैसे मजदूरों को काम मिलना बंद हो जाएगा। यह गरीबों के खिलाफ भाजपा सरकार की सोची-समझी साजिश है।

पूर्व मंत्री गुरु रूद्र ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार अब राज्यों पर तथाकथित जी राम जी ( ) योजना के नाम पर लगभग 50,000 करोड़ रुपए का बोझ डालना चाहती है और उन्हें 40 प्रतिशत खर्च उठाने के लिए मजबूर कर रही है। यह संघीय ढांचे पर हमला और राज्यों की आर्थिक कमर तोड़ने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि मनरेगा देश के सबसे गरीब लोगों के लिए रोजगार की गारंटी थी, जिसने कोरोना जैसी आपदा में करोड़ों परिवारों को भुखमरी से बचाया। आज उसी योजना पर कुल्हाड़ी चलाई जा रही है। इसलिए यह नया बिल साफ तौर पर गरीब-मजदूर विरोधी है।

प्रदेश सचिव पीसीसी वीरेंद्र जांगड़े कहा कि यदि मनरेगा की कानूनी गारंटी बहाल नहीं की गई, केंद्र की पूरी वित्तीय जिम्मेदारी सुनिश्चित नहीं हुई और मजदूरों को पूरा काम नहीं मिला, तो कांग्रेस पार्टी राज्य-भर में उग्र जन आंदोलन करेगी।

प्रेस वार्ता में वरिष्ठ कांग्रेस नेता लालजी चंद्रवंशी, शहर अध्यक्ष अशोक ठाकुर, प्रभारी जिला महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा अनंत, युवा नेता मनीष शर्मा, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रवि चंद्रवंशी, सेवादल जिला अध्यक्ष पदुम सेन, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष नारायणी टोंण्डे, जिला अध्यक्ष शितेश चंद्रवंशी, वरिष्ठ नेता मन्नू राम चंद्रवंशी, डाकोर चंद्रवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष सौंखी साहू, चोवाराम साहू, भगवान सिंह पटेल, हरि पटेल, सुधांशु बघेल, प्रशांत परिहार, टीकम शर्मा, भीखम पांडे, सत्येंद्र वर्मा, वाल्मीकि वर्मा, आनंद चंद्रवंशी, मेहुल सत्यवंशी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### छग में भाजपा सरकार आने के बाद मनरेगा का काम ठप है- नवीन

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि 100 दिन से 125 दिन काम की बात केवल राजनीतिक छलावा है। सच्चाई यह है कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार किसी भी साल औसतन 100 दिन का काम नहीं दे पाई। राष्ट्रीय औसत सिर्फ38 दिन रहा है। छत्तीसगढ़ के 70 प्रतिशत गांवों में भाजपा सरकार आने के बाद मनरेगा का काम लगभग ठप है। उन्होंने कहा कि मनरेगा मजदूरों का कानूनी अधिकार था, जिसे अब एक एडमिनिस्ट्रेटिव कृपा में बदल दिया गया है, जो पूरी तरह केंद्र सरकार की मर्जी पर निर्भर है। भाजपा एक बार फिर भगवान राम के नाम पर झूठ बोल रही है। योजना का भगवान राम से कोई लेना-देना नहीं है।

# बरमकेला में उपमुयमंत्री अरुण साव ने किया 'अटल परिसर' का लोकार्पण



### पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का हुआ अनावरण

**सारंगढ़-बिलाईगढ़, ( समय दर्शन )।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव के बरमकेला आगमन पर नगरवासियों और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं, पटाखों और पारंपरिक कर्मा नृत्य के साथ उनका भव्य स्वागत। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने रविवार को गोधूलि बेला में 20 लाख रुपए की लागत से बरमकेला में नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण किया और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण, तिलक विधि-विधान से पूजन कर किया। बरमकेला के गार्डन परिसर में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण अटल जी की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है। उनके योगदान को चिरस्थायी बनाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश के हर नगरीय निकाय में 'अटल परिसर' का निर्माण किया जा रहा है। अब तक प्रदेश में 177 अटल परिसरों का लोकार्पण किया जा चुका है। उन्होंने अटल जी की ऐतिहासिक योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, किसान क्रेडिट कार्ड और शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण का उल्लेख करते हुए उन्हें आधुनिक भारत का शिल्पकार बताया। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से इस नवनिर्मित परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने की अपील भी की। डिप्टी सीएम साव ने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गरीबों को 5 किलो मुफ्त अनाज और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए की सहायता दी जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस परिसर को एक आदर्श 'अटल उद्यान' के रूप में और अधिक विकसित किया जाए।

इस गरिमामयी समारोह में छत्तीसगढ़ के सत्ताधारी दल के उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही, नगर पंचायत बरमकेला अध्यक्ष सत्यभामा नायक, राजू नायक उपाध्यक्ष नगर पंचायत, विद्या चौहान, पूर्व विधायक जवाहर नायक, मनोहर नायक, राज किशोर पटेल, कैलाश पंडा, और स्वप्निल स्वर्णकार सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से संयुक्त संचालक राकेश जायसवाल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी दीपक विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक आन्जनेय वार्ष्णेय, जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीत बर्मन, एसडीएम वर्षा बंसल सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी पत्रकार शोभादास मानिकपुरी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# विवादास्पद प्रभारी सीईओ को हटाने के लिए लामबंद हुए जनपद पंचायत पदाधिकारीगण

### सामान्य प्रशासन बैठक में फर्जी आय यय की जानकारी दिया गया - उपाध्यक्ष कुलेश्वर



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** सामान्य प्रशासन की बैठक में प्रभारी सीईओ के कार्यप्रणाली से नाराज़ होकर बैठक छोड़कर बाहर निकलकर जनपद उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी एवं सभापतियो ने मिडिया को बताया कि दस महीने में जितने भी प्रस्ताव हुआ है जनपद पंचायत छुरा की बैठक में एक भी प्रस्ताव पर प्रभारी सीईओ सतीष चन्द्रवंशी ने कोई कार्यवाही नहीं किया है ।प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार उजागर हुआ है मिडिया के द्वारा जिला प्रशासन द्वारा सतीष चन्द्रवंशी के विरुद्ध कोई कार्यवाही नही होना संदेह के घेरे में है,जनपद पंचायत बैठक में जो भी लिखीत जानकारी सदस्यों को दिया जाता है जिसमें सीईओ का हस्ताक्षर नहीं रहता है। सतीष चन्द्रवंशी के कार्यकाल में त्रि-स्तरीय पंचायती राज में जनपद पंचायत के जनपद सदस्यों के आवेदन पर विचार नहीं करते,जनपद पंचायत छुरा भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है फर्जी बिल व्हाऊचर से लाखों रुपए का आहरण कर हजम कर रहे हैं ।सरपंच सचिव जनपद पंचायत के वसूली से परेशान हैं, जनपद पंचायत में वाहन ब्यय के नाम पर फर्जी आहरण, एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने जिस नियुक्ति कों रद्द कर दिया था उसे कुछ दिनों के लिए सेवा मुक्त कर पुनःकाम में ले लिया ।हाईकोर्ट का आदेश को दरकिनार कर दिया ।सतीष चन्द्रवंशी को हटाया नहीं गया तो जनपद पंचायत को खोखला कर देगा ।शासन-प्रशासन को संज्ञान में लेकर तत्काल हटा देना चाहिए ।सतीष चन्द्रवंशी प्रभारी सीईओ भाजपा के जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधियों को परेशान कर रहा है। जनपद पंचायत के सभी जनपद सदस्यों ने मुख्यमंत्री एवं भाजपा अध्यक्ष से मिलकर प्रभारी सीईओ एवं जिला प्रशासन की निरंकुशता को प्रमुखता से रखेंगे साथ ही समय पड़ने पर सरपंचों के समर्थन पर धरना प्रदर्शन भी किया जायेगा।

## भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ की प्रतिष्ठा धूमिल करने वालों से सावधान रहने की अपील

**भिलाई।** भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के नाम से 11 जनवरी को कराया जाने वाला कथित शपथग्रहण गलत है एवं विधि मान्य नहीं है। यह महासंघ के कुछ असंतुष्ट पूर्व पदाधिकारियों द्वारा अपने स्वार्थवश षड़यंत्र पूर्वक मनमर्जी ढंग से दुबारा चुनाव कराने एवं शपथ ग्रहण कराने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। इससे महासंघ से जुड़े वरिष्ठ नागरिकों में भ्रम की स्थिति है। उनमें दु:ख एवं असंतोष व्याप्त है। इससे महासंघ की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है और महासंघ टूटने की कगार पर है।

उक्त जानकारी देते हुए महासंघ के वर्तमान अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना मूले, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता, डॉ. कांतिलाल विश्वकर्मा एवं हुकुमचंद देवांगन ने बताया कि विगत 27 जुलाई 2025 को महासंघ की आमसभा एवं नई प्रबंधकारिणी का चुनाव विधिवत रूप से संपन्न कराया जा चुका है।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर पाटन में साहू समाज द्वारा युवा महोत्सव का हुआ आयोजन

## युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता

**पाटन ( समय दर्शन )।** तहसील साहू संघ पाटन द्वारा युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर सोमवार को भव्य युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी आत्मानंद चौक पाटन से साहू सदन तक युवाओ द्वारा विशाल मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। साहू सदन पहुंचने पर पुष्पवर्षा कर युवाओं का स्वागत किया गया।




साहू समाज की अधिष्ठात्री भक्त माता कर्मा की आरती के साथ महोत्सव की शुरुआत हुआ। युवा महोत्सव के मुख्य अतिथि पूर्व हस्तशिल्प बोर्ड अध्यक्ष दीपक ताराचंद साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक मंच के माध्यम से युवाओं को अपने लक्ष्य प्राप्त करने में अधिक समय नहीं लगता, आवश्यकता है केवल कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयास की। उन्होंने युवाओं से लक्ष्य का पीछा करते रहने का आह्वान किया। साथ ही समाज में बढ़ रहे अंतर्जातीय विवाह पर चिंता व्यक्त करते हुए स्वजातीय विवाह को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने युवाओं को अपनी रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला साहू संघ दुर्ग के अध्यक्ष नंदलाल साहू ने कहा कि युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। जब कोई व्यक्ति सफलता प्राप्त करता है, तो उसके संघर्ष और मेहनत को समझना चाहिए। लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने से सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने 18 जनवरी को आयोजित स्व. ताराचंद साहू जयंती महोत्सव एवं सामाजिक सम्मान समारोह में शामिल होने का निवेदन किया। विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश साहू संघ संगठन सचिव सुनील साहू एवं जिला पंचायत सदस्य कल्पना साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रेरक वक्ता डिप्टी कलेक्टर देवेश साहू ने कहा कि विकसित साहू समाज के निर्माण के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। वही आगे समाज बढ़ता है जो नदी की धारा की तरह सतत प्रवाह में रहता है, जबकि ठहरा हुआ समाज प्रगति नहीं कर पाता। उन्होंने टेक्नोलॉजी के युग में युवाओं को सकारात्मक दिशा में सक्रिय रहने, वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में कार्य करने तथा बच्चों से निरंतर संवाद बनाए रखने पर बल दिया।

डिप्टी कलेक्टर पोलेश्वर साहू ने कहा कि समाज के हित में यथासंभव अच्छे कार्य करने चाहिए। साहू समाज विश्व का एक विशाल समाज है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे बढ़ाने में आपसी सहयोग आवश्यक है।

# विश्व हिन्दी दिवस पर कवि सम्मेलन




**भोपाल ( समय दर्शन )।** प्रवासी भारतीय दिवस तथा विश्व हिंदी दिवस के सुअवसर पर मनु मुक्त मानव मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा भव्य अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन आभासी स्तर पर किया गया। जिसमें छह महाद्वीपों के डेढ़ दर्जन साहित्यकारों और विद्वानों के साथ महासमुंद ( छत्तीसगढ़ )से विजय कुमार मिर्चे ने सहभागिता निभाई। दिनांक 9 जनवरी 2026 को आयोजित इस कार्यक्रम में रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल (मध्यप्रदेश) में अंतरराष्ट्रीय हिंदी-केंद्र के निदेशक डॉ. जवाहर कर्णावट की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में अंतरराष्ट्रीय सहयोग परिषद्, नई दिल्ली के मानद निदेशक नारायण कुमार मुख्य अतिथि थे, वहीं केंद्रीय त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू (नेपाल) में हिंदी-विभाग की प्रोफेसर एवं अध्यक्ष डॉ. श्वेता दीप्ति विशिष्ट अतिथि और विश्व बैंक वाशिंगटन डीसी (अमेरिका) की वरिष्ठ अर्थशास्त्री डॉ. एस. अनुकृति स्वागताध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहीं।

उद्योग विस्तर अधिकारी डॉ. सुनील भारद्वाज द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना-गीत के उपरांत ट्रस्टी डॉ. कांता भारती के प्रेरक सान्निध्य और डॉ. पंकज गौड़ के कुशल संचालन में संपन्न हुए इस समारोह के प्रारंभ में चीफ ट्रस्टी डॉ. रामनिवास मानव ने विषय-प्रवर्तन करते हुए हिंदी के वैश्विक विस्तार को अपने एक दोहे के माध्यम से इस प्रकार रेखांकित किया चीन, रूस, ब्रिटेन तक, सात समुंदर पार। पूरी दुनिया में हुआ, हिंदी का विस्तार।

उल्लेखनीय है कि लगभग अढ़ाई घटों तक चले इस महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम में श्री विजय कुमार मिर्चे ने अपनी रचना चमकूँगा एक दिन आसमान में तारा बनकर व तुम्हें लिख दूँ . जैसे समसामयिक कविताओं से अपनी पहचान बनाने में कामयाब हुए। साथ ही शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के राजनीति विज्ञान विभाग में कार्यरत हैं। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी श्री विजय कुमार मिर्चे ने 43 राष्ट्रों के प्रतिनिधि कवियों के साथ अपनी प्रस्तुति दे चुकें है । इस कार्यक्रम में सिडनी (आस्ट्रेलिया) के प्रगीत कुँअर और डॉ. भावना कुँअर, सिंगापुर सिटी (सिंगापुर) की आराधना झा श्रीवास्तव, दोहा (कतर) के डॉ. बैजनाथ शर्मा, अकरा (घाना) की मीनाक्षी सौरभ, सोफ़िया (बुल्गारिया) की डॉ. मोना कौशिक, स्टॉकहोम (स्वीडन) के सुरेश पांडे, पोर्ट ऑफ स्पेन (ट्रिनिडाड) की आशा मोर तथा भारत से डॉ. सत्यवान सौरभ (हिसार), डॉ. मुकुट अग्रवाल (रेवाड़ी) एवं डॉ. रामनिवास मानव , डॉ. जितेंद्र भारद्वाज और डॉ. पंकज गौड़ (नारनौल) आदि कवियों ने काव्य-पाठ द्वारा कार्यक्रम को नई ऊँचाई प्रदान की, जिसे देश-विदेश के श्रोताओं की भरपूर सराहना मिली। इस उपलब्धि पर तरुण व्यवहार उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बाग़बाहरा , सोमनाथ टोंडेकर , रामनारायण जांगड़े, करन मार्कण्डेय ,सुश्री नेहा बघेल सहित परिवारजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, किरंदुल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा युवा दिवस के अवसर पर स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन

**दंतेवाड़ा किरंदुल ( समय दर्शन )।** डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, किरंदुल में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य एस. के. श्रीवास्तव ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों—आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण, राष्ट्रसेवा तथा युवाओं की भूमिका—पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यालय के एन एस एस प्रभारी के पी सिन्हा द्वारा विद्यार्थियों से स्वदेशी अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करता है तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यालय की शिक्षिका रूपा सक्सेना ने स्वदेशी प्रतिज्ञा दिलायी।

स्वदेशी दौड़ के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। दौड़ शहर क्षेत्रों से होते हुए विद्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ।जहाँ विद्यार्थियों ने देशभक्ति नारों एवं प्रेरक संदेशों के माध्यम से जन-जागरूकता फैलायी। आयोजन में शिक्षकों का मार्गदर्शन सराहनीय रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक, शिक्षकाओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों का सक्रिय योग दान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा 11 वीं छात्रा कुमारी अस्मिता के द्वारा किया गया।

## स्कूल बसों का निरीक्षण/परीक्षण, 65 बसों पर 50,900 रूपए जुर्माना

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** परिवहन आयुक्त, कार्यालय नवा रायपुर एवं सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 दिनांक 01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक मनाया जाना है। क्षेत्रीय परिवहन दुर्ग द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित कर आम जनता एवं युवाओं को जागरूक किया जा रहा है।

माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के दिशा निर्देश अनुसार जिले के निजी स्कूलों के बसों का निरीक्षण/परीक्षण कार्य 11 जनवरी 2026 से सेक्टर 06 पुलिस ग्राउंड भिलाई में किया गया। जिसमें कुल 230 बसों को चेकिंग गया है, जिसमें से 65 बसों पर दस्तावेज/तकनीकी खराबी के कारण 50900 रूपए जुर्माना वसूल किया गया। आगामी दिनों में नियमित रूप से चेंकिग की कार्यवाही जारी रहेगी।

# देश का पहला राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी में आयोजित



## बसना स्काउट्स-गाइड्स टीम की रही सशक्त भागीदारी

**बसना( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में देश के पहले राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी का ऐतिहासिक शुभारंभ हुआ। इस भव्य और राष्ट्रीय महत्व के आयोजन का उद्घाटन छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका ने मुख्य अतिथि के रूप में किया।

राज्यपाल डेका ने जंबूरी के उद्घाटन की औपचारिक घोषणा करते हुए कहा कि यह आयोजन सांस्कृतिक आदान-प्रदान, राष्ट्रीय एकता और पारिवारिक सद्भाव को मजबूत करने का एक सशक्त मंच है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता और पर्यटन संभावनाओं की सराहना करते हुए कहा कि भारत स्काउट-गाइड की 75वीं वर्षगांठ पर इस राष्ट्रीय जंबूरी का आयोजन युवाओं को एक सूत्र में पिरोने वाला ऐतिहासिक कदम है।

### 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' और 'युवा भारत' की थीम एकाकीपन से बाहर निकलने का मंच

स्कूल शिक्षा मंत्री सहित अतिथिगण लोकनृत्यों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुए मंत्र मुग्ध।

राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी का आयोजन 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' और 'युवा भारत' की भावना पर आधारित है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों, भाषाओं, बोलियों और संस्कृतियों से आए युवा एक मंच पर एकजुट हो रहे हैं। इस अवसर पर भारत स्काउट-गाइड के सोल्जर बैज का भी विधिवत विमोचन किया गया।

### एकाकीपन से बाहर निकलने का मंच : स्कूल शिक्षा मंत्री

कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह क्षण अविस्मरणीय है, जब पूरा भारत एक साथ दिखाई दे रहा है। उन्होंने आधुनिक जीवनशैली में बढ़ते एकाकीपन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एक ही टेंट में साथ रहने वाले बच्चे एक-दूसरे से सीखकर सकारात्मक सोच और सामाजिक जुड़ाव विकसित करेंगे। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड की शिक्षा युवाओं को अभाव में रहकर जीवन जीने, अनुशासन, संस्कृति के साथ विकास और सेवा भाव की प्रेरणा देती है।

### मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की बिखरी छटा

रोवर-रेंजर स्काउटर : लोकनृत्यों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन। जंबूरी के उद्घाटन समारोह में छत्तीसगढ़ के बच्चों ने सुआ नृत्य, डंडा नृत्य, गेड़ी नृत्य एवं बस्तर के पारंपरिक लोकनृत्यों की शानदार प्रस्तुति दी। लगभग 5000 स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर की मौजूदगी में विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' थीम पर आधारित गीतों और मार्च-पास्ट के माध्यम से राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

# आस्था महिला बुनकर सहकारी समिति में नवीन बुनकर प्रशिक्षण एवं समापन कार्यक्रम संपन्न

**पाटन ( समय दर्शन )।** आस्था महिला बुनकर सहकारी समिति मर्यादित, पाटन के कार्यालय में नवीन बुनकर प्रशिक्षण एवं समापन कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पाटन नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष श्री आभाष दुबे उपस्थित रहे, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारिता विभाग के प्राधिकृत अधिकारी एवं सीईओ श्री भूपेंद्र कुमार चंद्रवंशी ने की।



विशेष अतिथि के रूप में उर्वशी देवांगन, समिति प्रबंधक श्री धनराज देवांगन एवं श्री सुंदर राज देवांगन सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। अतिथियों का समिति की महिलाओं द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जब से पाटन में बुनकर सहकारी समिति का आरंभ हुआ है, तब से क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार का सशक्त माध्यम मिला है। समिति से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और अपने परिवार का बेहतर ढंग से जीवन यापन कर रही हैं। पाटन सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों की बड़ी संख्या में महिलाएं इस समिति के माध्यम से कार्य कर रही हैं, जो महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण है। मुख्य अतिथि श्री आभाष दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि बुनकर समिति से जुड़ी महिलाएं न केवल स्वयं कार्य कर रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दे रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से अपने वार्ड की महिलाओं की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें गर्व है कि उनके वार्ड की महिलाएं स्वावलंबी बनकर समाज में एक नई पहचान बना रही हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा समिति के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# दुर्ग कांग्रेस ने मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ने आज स्वामी विवेकानंद जी की जयंती विवेकानंद भवन जिला कांग्रेस दुर्ग शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, पूर्व विधायक अरुण वोरा की उपस्थिति में कांग्रेसियों ने उनको पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई देश में उनके महत्वपूर्ण योगदान का स्मरण किया।

जिला कांग्रेस दुर्ग शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा किविवेकानंद ने बचपन से ही धर्म और आध्यात्मिकता के प्रति झुकाव दिखाया। 18 वर्ष की आयु में, वे रामकृष्ण से मिले और उनके समर्पित शिष्य बन गए, और बाद में संन्यासी (त्यागी) के व्रत ग्रहण किए। रामकृष्ण की मृत्यु के बाद, विवेकानंद ने घुमंतू भिक्षु के रूप में भारतीय उपमहाद्वीप में व्यापक यात्रा की, और तत्कालीन ब्रिटिश भारत के अधीन भारतीय जनता द्वारा झेली जा रही कठिन जीवन स्थितियों का प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने सामाजिक सेवाओं की स्थापना करके उनकी पीड़ा को कम करने का मार्ग खोजा, लेकिन उनके पास पूंजी की कमी थी। 1893 में, वे शिकागो में विश्व धर्म संसद में भाग लेने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका गए, जहाँ उन्होंने अमेरिका की बहनों और भाइयों...



शब्दों से शुरू होने वाला एक ऐतिहासिक भाषण दिया। उनके सशक्त संदेश ने हिंदू आध्यात्मिक विचार का परिचय दिया और धार्मिक सहिष्णुता और सार्वभौमिक स्वीकृति दोनों की वकालत की। इस भाषण ने गहरा प्रभाव डाला; एक अमेरिकी समाचार पत्र ने उन्हें ईश्वरीय अधिकार से प्राप्त वक्ता और निस्संदेह संसद में सबसे महान व्यक्ति बताया।

पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद शिकागो में अपनी सफलता के बाद, विवेकानंद ने संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और महाद्वीपीय यूरोप में व्यापक रूप से व्याख्यान दिए, और हिंदू दर्शन के आवश्यक सिद्धांतों का प्रसार किया। उन्होंने न्यूयॉर्क की वेदांत सोसायटी और सैन फ्रांसिस्को की वेदांत सोसायटी (अब उत्तरी कैलिफ़ोर्निया की वेदांत सोसायटी) की स्थापना की, ये दोनों ही पश्चिम में बाद की वेदांत सोसायटियों की नींव बनीं । भारत में, उन्होंने आध्यात्मिक प्रशिक्षण के लिए एक मठवासी व्यवस्था, रामकृष्ण मठ और सामाजिक सेवाओं, शिक्षा और मानवीय कार्यों के लिए समर्पित रामकृष्ण मिशन की स्थापना की।

विवेकानंद को व्यापक रूप से आधुनिक भारतीय विचारकों में से एक महानतम माना जाता है। वे एक प्रमुख दार्शनिक, समाज सुधारक और विदेशों में वेदांत दर्शन के सबसे सफल प्रचारक थे। उन्होंने हिंदू पुनरुत्थानवादी आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और औपनिवेशिक भारत में भारतीय राष्ट्रवाद के उदय और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। एक देशभक्त संत के रूप में मनाए जाने वाले, उनकी जयंती भारत में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है।

# संक्षिप्त-खबर

## कुर्मी गुंडरा की बेटी ने बढ़ाया गांव का गौरव, छत्तीसगढ़ फुटबॉल टीम में द्वितीय स्थान पर, लिखिता ठाकुर भी ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**पाटन ( समय दर्शन )।** राजस्थान के उदयपुर में आयोजित जूनियर नेशनल फुटबॉल स्पर्धा में छत्तीसगढ़ की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस टीम में ग्राम कुर्मीगुंडरा में रहने वाली कुमारी लिखिता ठाकुर भी शामिल थी। उन्होंने टीम को जितने में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। लिखिता वर्तमान में बेमेतरा जिला के ग्राम हरदा में रहकर पढ़ाई कर रही है। वे सेवा निवृत शिक्षक महेंद्र कुमार ठाकुर को पोती तथा डगेश ठाकुर और श्रीमती संध्या ठाकुर की पुत्री है। परिवार के सदस्यों ने बेटी को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।



## बठेना में चोरी का मामला, नगद, सोना चांदी के अलावा सीसी टीवी का डीवीआर भी ले गया चोर, पुलिस जांच में जुटी

**पाटन ( समय दर्शन )।** पाटन थाना के ग्राम बठेना में सेवा निवृत शिक्षक नेतराम साहू के घर बीटी रात अज्ञात चोर ने दावा बोला। जानकारी के मुताबिक लगभग 40 हजार नगद और 30 हजार के जवाहरात की चोरी हुई है। जिस समय चोरी हुई उस समय घर में रहने वाले लोग अपने रिश्तेदार के घर अन्य शहर गए हुए थे। पाटन पुलिस मौके पर पहुंचकर मुआयना कर लिया है। जांच में जुटी है। चोर सीसी टीवी का डीवीआर भी ले गया। टीवी भी टूट गया है।

## मनरेगा पर कांग्रेस का झूठ बेनकाब,भाजपा ने दिया गरीबों को असली अधिकार - हर्षा लोकमनी चंद्राकर



**पाटन ( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती हर्षा लोकमनी चंद्राकर ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस द्वारा मनरेगा को कमजोर करने का आरोप लगाना उनके खुद के भ्रष्ट और विफल शासन से ध्यान भटकाने की साजिश है। सच्चाई यह है कि कांग्रेस शासनकाल में मनरेगा भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और फर्जी जॉब कार्ड का पर्याय बन चुकी थी। यशश्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केंद्र सरकार ने मनरेगा को पारदर्शी, जवाबदेह और मजदूर-हितैषी बनाया। वास्तव में वीबी जी राम जी विकसित भारत के गांवों की कल्पना को साकार करने वाली है। 125 दिनों रोजगार की गारंटी, एक सप्ताह में काम नही मिलने पर बेरोजगारी भत्ता, आधार आधारित भुगतान, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर और डिजिटल निगरानी से यह सुनिश्चित किया गया कि मजदूरी सीधे मजदूर के खाते में जाए, न कि कांग्रेस के दलालों की जेब में। कांग्रेस को यह जवाब देना चाहिए कि उनके शासन में मजदूरों को महीनों तक मजदूरी क्यों नहीं मिलती थी? फर्जी जॉब कार्ड कैसे बने? गरीबों के नाम पर पैसा किसने खाया? भाजपा सरकार ने मनरेगा को केवल खुदाई की योजना नहीं रहने दिया, बल्कि जल संरक्षण, तालाब निर्माण, सड़क मरम्मत और ग्रामीण संपत्ति निर्माण से जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस आज जब सत्ता से बाहर है तो झूठ और भ्रम फैलाने में लगी है, लेकिन छत्तीसगढ़ की जनता सब जानती है। जनता अब नारे नहीं, काम करने वाली सरकार चाहती है और यही कारण है कि भरोसा भाजपा पर है। कांग्रेस को चाहिए कि वह झूठे आरोप लगाने के बजाय अपने 5 साल के कुशासन और भ्रष्टाचार पर जवाब दे।

## राष्ट्रीय युवा दिवस: स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर उत्साहपूर्ण आयोजन



**दंतेवाड़ा किरंदुल ( समय दर्शन )।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने की कड़ी में सोमवार दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत कोडेनार में हर्षोल्लास के साथ एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इस अवसर पर सरपंच मीना मंडावी ने स्वामी जी के जीवन दर्शन और विचारों की सरल व्याख्या करते हुए सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों एवं उच्च विचारों पर यदि हम अमल करें तो हमारा व्यक्तित्व न केवल सरल और मजबूत बनेगा, बल्कि समाज में भाईचारा बढ़ेगा तथा देश अधिक समृद्ध एवं एकजुट होगा।

मौके पर किरंदुल नगरपालिका अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह, उपसरपंच तपन दास, के. ए. पापाचन, आर. सी. नाहक, राजेंद्र सक्सेना सहित अन्य पंचगण, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर, समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2021-23